CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

स्वस्तिक
स्पोर्टस, म्यूजिकल एण्ड फिटनेस आयटम
खेल सामग्री
वाद्य यंत्र, बैण्ड गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक आर्गन, आक्टोपैड,
नाटक- रामलीला गुड्स, दरी, टाटापट्टी के थोक व चिल्लर विक्रेता एवं सुधारक
शो-रुम - जी.ई. रोड, राजनांदगांव ● सिनेमा लाईन, राजनांदगांव
फोन: 07744-281191, 325125
Email : Swastikstoresrjn@gmail.com ● www.swastikstores.com

वर्ष- 45 अंक - 102 राजनांदगांव शुक्रवार 27 फरवरी 2026 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## जवाब पहले से कहीं ज्यादा सख्त होगा!' पाक को भारतीय सेना की खुली चेतावनी, ऑपरेशन सिंदूर 2.0 ने खींची नई 'रेड लाइन'

नई दिल्ली। भारतीय सेना की वेस्टर्न कमांड ने 'ऑपरेशन सिंदूर 2.0' के जरिए पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। सेना ने कहा है कि सीमा पार से होने वाले किसी भी आतंकी हमले या उकसावे वाली कार्रवाई का जवाब अब पहले से कहीं अधिक कठोर और निर्णायक होगा। भारतीय सेना ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो जवाब पहले से कहीं ज्यादा सख्त होगा। भारतीय सेना की पश्चिमी कमान ने पाकिस्तान को पिछली बार की तुलना में अधिक कठोर जवाब की चेतावनी दी है। साथ ही इस बात पर भी जोर दिया है कि ऑपरेशन सिंदूर 2.0 अभी भी जारी है। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने बीते साल मई में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ढांचे को निशाना बनाते हुए सटीक सैन्य हमले किए।

### जारी है ऑपरेशन सिंदूर 2.0

2 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर




ने पाकिस्तान को एक कड़ा संदेश दिया। वहीं ऑपरेशन सिंदूर 2.0 जारी है और इस बार तैयारियों का पैमाना कहीं अधिक बड़ा है। पिछले साल मई में शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर पर विचार करते हुए पुष्कर ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया और सिर्फ चार दिनों में ही उस देश को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया गया।

### पाकिस्तान ने टेक दिए थे घुटने

लेफ्टिनेंट जनरल पुष्कर ने पत्रकारों से कहा, हमने ऑपरेशन में पाकिस्तान को बहुत छोटा सा नमूना दिया। सिर्फ चार दिनों में ही वे घुटने टेकने पर मजबूर हो गए और उन्होंने हमारे डीजीएमओ को फोन करके युद्ध रोकने को कहा। यह एक बहुत छोटा सा उदाहरण था और इसका उद्देश्य प्रशिक्षण देना था। अधिकारी ने पंजाब के पठानकोट में पश्चिमी कमान के उच्च स्तरीय ऑपरेशनल कैपेबिलिटी डेमोंस्ट्रेशन के दौरान ये बातें कहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहले भी इस बात को दोहरा चुके हैं कि आतंकवाद के प्रति भारत की जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप ऑपरेशन सिंदूर जारी है।

### परमाणु धमकी से नहीं डरेंगे

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है, ऑपरेशन सिंदूर 2 की तैयारियां काफी व्यापक हैं। मैं अभी आपको यह नहीं बता सकता कि यह ऑपरेशन कैसे आगे बढ़ेगा क्योंकि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि हम दुश्मन को कितना नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। चाहे वह किसी भी प्रकार का नुकसान हो, चाहे जमीन पर हो, समुद्र में हो या हवा में, हम उसे अंजाम देने के लिए हमेशा तैयार हैं। एक अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने भी कहा कि पाकिस्तान की ओर से किसी भी प्रकार की उकसावे वाली कार्रवाई का इस बार अधिक कड़ा जवाब दिया जाएगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 13 महीनों में 66 कस्टोडियल डेथ : जांच और जवाबदेही पर सरकार-विपक्ष आमने-सामने



रायपुर। छत्तीसगढ़ की केंद्रीय और जिला जेलों में जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2026 के बीच 66 बंदियों की कस्टोडियल डेथ होने का मामला विधानसभा में जोरदार बहस का कारण बना। प्रश्नकाल के दौरान उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने सदन को यह जानकारी दी, जिसके बाद विपक्ष ने पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर तीखे सवाल उठाए। गृहमंत्री ने बताया कि 66 मामलों में से 18 प्रकरणों में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप न्यायिक मजिस्ट्रेट जांच पूरी हो चुकी है, जबकि 48 मामलों में जांच प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कस्टोडियल डेथ के मामले में अनिवार्य रूप से मजिस्ट्रेट जांच, पोस्टमार्टम और आवश्यक विधिक प्रक्रिया अपनाई जाती है।

### भूपेश बघेल ने उठाए गंभीर सवाल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मृतकों की सूची और संबंधित जेलों का विवरण सार्वजनिक न करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने पूछा कि क्या कवर्धा जेल में बंद पंकज साहू की मौत इन 66 मामलों में शामिल है? साथ ही जीवन ठाकुर के मामले को उठाते हुए कहा कि वे कांकेर जेल में बंद थे, लेकिन उनकी मृत्यु रायपुर में हुई क्या यह भी उक्त आंकड़ों में जोड़ा गया है? इस पर गृहमंत्री ने स्पष्ट किया कि पंकज साहू की मृत्यु मांगी गई अवधि से पहले की है, इसलिए वह इस सूची में शामिल नहीं है। जीवन ठाकुर को न्यायालय की अनुमति से कांकेर से रायपुर स्थानांतरित किया गया था और उनकी मृत्यु संबंधित अवधि के भीतर दर्ज की गई है। भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि जीवन ठाकुर, जो आदिवासी समाज के प्रमुख नेता थे, गंभीर बीमारियों से पीड़ित होने के बावजूद उन्हें समुचित उपचार नहीं मिला। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी गिरफ्तारी के विरोध में आदिवासी समाज ने प्रदर्शन किया था और परिजनों व कांग्रेस विधायकों को मुलाकात की अनुमति नहीं दी गई।

## टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को 72 रनों से रौंदा, सेमीफाइनल से एक कदम दूर

चेन्नई। टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर-8 मुकाबले में भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे पर 72 रनों की शानदार जीत दर्ज की है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने विशाल 256 रनों का स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 184 रन ही बना सकी। इस हार के साथ ही जिम्बाब्वे का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 55 रनों की तेजतर्रार पारी खेलकर नींव रखी। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने महज 13 गेंदों पर 33 रनों का कैमियो खेला, जबकि ईशान किशन ने 28 रन बनाए। अंतिम ओवरों में हार्दिक पांड्या (23 गेंदों पर नाबाद 55) और तिलक वर्मा (16 गेंदों पर नाबाद 44) ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए स्कोर को 256 तक पहुंचाया।




### अर्शदीप की रफ्तार और फिरकी का जादू

257 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम को भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव में रखा। अक्षर पटेल ने तदिवानाशे मरुमनी (24) को आउट कर पहली सफलता दिलाई। इसके बाद वरुण चक्रवर्ती ने अपनी फिरकी में डायोन मायर्स (6) को फंसाया। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 21 गेंदों पर 31 रन बनाकर संघर्ष की कोशिश की, लेकिन अर्शदीप सिंह ने उन्हें आउट कर जिम्बाब्वे की उम्मीदें तोड़ दी। अर्शदीप सिंह ने मैच में घातक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कपिल देव ने सीएम साय से की भेंट : मुख्यमंत्री ने कहा- खेल संस्कृति को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज नया रायपुर स्थित सीएम हाउस कार्यालय में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कपिल देव को बेल मेटल से बनी प्रतिकृति, पुण्यभूमि छत्तीसगढ़ कॉफी टेबल बुक भेंट कर उनका अभिनंदन किया।



मुलाकात के दौरान दोनों के बीच प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने, आधुनिक खेल अधोसंरचना के विकास, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण केंद्र और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

### हम खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं मुहैया करा रहे- साय

मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य सरकार द्वारा खेलों के प्रोत्साहन और खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए अधोसंरचना, प्रशिक्षण और अवसरों का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है।

### कपिल देव ने छत्तीसगढ़ में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों को सराहा

पूर्व कप्तान कपिल देव ने छत्तीसगढ़ में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षा, विश्वास और विकास के इस माहौल में प्रदेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट मंच प्राप्त होगा तथा छत्तीसगढ़ सुरक्षित, समृद्ध और विकसित राज्य के रूप में आगे बढ़ेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह उपस्थित थे।

## किसानों के लिए खुशखबरी : कल मिलेगा किसानों को धान का बोनस

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए खुशखबरी भरी खबर सामने आई है। होली के पहले कल 28 फरवरी को किसानों को धान का बोनस दिया जाएगा। गुरुवार को कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि, कृषक उन्नति योजना के तहत 28 फरवरी को किसानों को 10 हजार 292 करोड़ की राशि अंतरित की जाएगी।



उल्लेखनीय है कि, सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में राज्य के किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया था। समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों को रूपये 3100 प्रति क्विंटल के मान से अंतर की राशि होली पर्व से पूर्व एकमुश्त प्रदान की जाएगी। इस निर्णय के तहत लगभग रूपये 10,000 करोड़ की राशि 25 लाख से अधिक किसानों के खातों में सीधे हस्तांतरित की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, प्रदेश के अन्नदाता भाइयों-बहनों की मुस्कान ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि, सरकार केवल धान की खरीदी नहीं करती, बल्कि किसानों के परिश्रम का उचित मूल्य सुनिश्चित करना और उनके सम्मान की रक्षा करना अपना दायित्व मानती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस निर्णय से किसानों को आर्थिक संबल मिलने के साथ ही उत्सव का उल्लास बढ़ेगा।

उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में राज्य के 25 लाख 24 हजार 339 किसानों से 141.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सुनेत्रा पवार एनसीपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं

मुंबई (दावा)। महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को गुरुवार को सर्वसम्मति से सत्तारूढ़ नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। एनसीपी के कार्याध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने मुंबई में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि सुनेत्रा पवार के इस्तीफे से खाली हुई राज्यसभा सीट के लिए पार्थ पवार को नामित किया जाएगा। पार्थ अजित पवार और सुनेत्रा के बड़े बेटे हैं। अजित पवार की 28 जनवरी को बारामती में प्लेन क्रैश में निधन हो गया था। वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम थे। उनकी मौत के तीसरे दिन, 31 जनवरी को सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री बनाया गया, जिसके चलते उन्होंने राज्यसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। सुनेत्रा पवार जून 2024 में लोकसभा चुनाव में हार के बाद एनसीपी की ओर से राज्यसभा सदस्य निर्विरोध चुनी गई थीं। एनसीपी महाराष्ट्र सरकार में महायुति गठबंधन का हिस्सा है। इसमें भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना भी शामिल है।



**अजित पवार की मौत के बाद डिप्टी सीएम पद संभाला; उनकी राज्यसभा सीट पर बेटे पार्थ लड़ेंगे चुनाव**

### पार्थ पवार 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ चुके

अजित पवार के बेटे पार्थ पवार ने 2019 के लोकसभा चुनाव से सक्रिय राजनीति में एंट्री ली थी। उन्होंने महाराष्ट्र की मावल लोकसभा सीट से एनसीपी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा। हालांकि उन्हें इस चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद वे राजनीति में कम सक्रिय दिखाई दिए, लेकिन पार्टी के संगठनात्मक कार्यों और युवा कार्यकर्ताओं के साथ जुड़े रहे। हाल ही में पुणे में मुंडवा की 40 एकड़ सरकारी जमीन की विवादित बिक्री को लेकर पार्थ पवार विवादों में आए थे।

### महाराष्ट्र की 7 राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को चुनाव

महाराष्ट्र में 7 राज्यसभा सीटों के लिए 16 मार्च 2026 को चुनाव होंगे। चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 5 मार्च 2026 है। उसके बाद नामों की जांच 6 मार्च और नाम वापसी 9 मार्च तक हो सकती है। राज्य में एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार सहित सात राज्यसभा सदस्यों का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बीजापुर में एंटी माओवादी अभियानः सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को किया ढेर



बीजापुर। बीजापुर जिले के इंद्रावती नदी क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर एक संयुक्त टीम ने एंटी माओवादी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान बृहस्पतिवार सुबह इंद्रावती नदी क्षेत्र में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। बीजापुर एसपी डॉ. जितेंद्र यादव ने बताया कि मुठभेड़ के बाद की गई सर्चिंग में वर्दीधारी दो माओवादियों के शव बरामद किए गए। मुठभेड़ स्थल से एक एसएलआर राइफल, एक इंसास राइफल और एक 12 बोर राइफल सहित विस्फोटक तथा अन्य माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

## भाजपा ने उमर खालिद से राहुल गांधी की तुलना की, सियासी बयानबाजी तेज

नई दिल्ली। राजनीतिक माहौल के बीच भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तुलना पूर्व छात्र नेता उमर खालिद से करते हुए बयान दिया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि कुछ मुद्दों पर राहुल गांधी के विचार और रुख कथित तौर पर उन लोगों से मेल खाते हैं, जिन पर गंभीर आरोप लगे हैं।



भाजपा प्रवक्ताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि, देशहित और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर कांग्रेस नेतृत्व का रुख स्पष्ट होना चाहिए। दूसरी ओर, कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह ध्यान भटकाने की कोशिश है और राजनीतिक लाभ के लिए की जा रही बयानबाजी है। दिल्ली में एआई समिट में हुए हंगामे पर भाजपा ने एक बार फिर राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा ने राहुल गांधी की तुलना 2020 दंगे के आरोपी उमर खालिद से करते हुए दिल्ली भाजपा ऑफिस के बाहर एक पोस्टर लगाया। जिसमें लिखा- अराजकता का तरीका एक, बस देश विरोधी चेहरे बदलते रहते हैं।

इस पोस्टर में एक तरफ उमर खालिद हैं जिसमें उसे सीएए के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए दिखाया गया है। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी हैं उनके आगे शर्टलेस कांग्रेस कार्यकर्ता की तस्वीरें है, जो एआई समिट का विरोध कर रहे हैं। ये पोस्टर भाजपा के नेशनल स्पोक्सपर्सन आरपी सिंह ने लगवाए हैं। उमर खालिद फिलहाल एक आपराधिक मामले में न्यायिक हिरासत में हैं, जबकि राहुल गांधी राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। दोनों की तुलना को लेकर राजनीतिक गलियारों में बहस छिड़ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि चुनावी या संवेदनशील राजनीतिक माहौल में इस तरह की बयानबाजी आम हो जाती है, जहां दल एक-दूसरे पर वैचारिक या नैतिक प्रश्न उठाते हैं। यह बयान आने के बाद सियासी बयानबाजी और तेज होने की संभावना है, क्योंकि दोनों दल इस मुद्दे को लेकर आमने-सामने हैं।

## अब रेलवे से क्लेम लेना हुआ आसान, नहीं लगाने होंगे आरसीटी के चक्कर; घर बैठे कर सकेंगे दावा

नई दिल्ली। रेल यात्रियों को मुआवजा पाना पहले से ज्यादा आसान होने जा रहा है। रेल हादसे, चोट, मौत या सामान के नुकसान की स्थिति में मुआवजा लेने के लिए रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल (आरसीटी) की बेंच में बार-बार जाने की जरूरत नहीं होगी। ई-आरसीटी सिस्टम के तहत देशभर की सभी 23 आरसीटी बेंच को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा।

यात्री या उनके परिजन रात-दिन कभी भी घर बैठे मोबाइल या कंप्यूटर से क्लेम पाने का दावा कर सकेंगे। जरूरी दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड करने होंगे। प्रत्येक अपडेट की जानकारी एसएमएस और ई-मेल से मिलेगी।

### आरसीटी की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया जाएगा

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने 52 हफ्ते-52 सुधार अभियान के तहत गुरुवार को दो बड़े बदलावों की घोषणा की। पहला आरसीटी की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया जाएगा। दूसरा रेल टेक पालिसी के जरिए स्टार्टअप और




नवाचार करने वालों को सीधे रेलवे से जोड़ा जाएगा। अब तक लोगों को दिक्कत होती थी क्योंकि घटना किसी एक राज्य में होती थी और यात्री दूसरे राज्य का होता था। ऐसे में यह तय करना मुश्किल हो जाता था कि केस कहां दायर करें। सुनवाई की तारीख जानने, दस्तावेज जमा करने और आदेश की प्रति लेने में समय और पैसा दोनों खर्च होते थे। नई डिजिटल व्यवस्था में केस की पूरी जानकारी ऑनलाइन रहेगी। जरूरत पड़ने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई में शामिल होने की सुविधा भी मिलेगी। इससे यात्रा और वकील पर होने वाला अतिरिक्त खर्च कम होगा।

### ऑटोमैटिक नोटिस सिस्टम से मामलों का निपटारा तेज

रेलमंत्री का कहना है कि ई-फाइलिंग, डिजिटल रिकॉर्ड और ऑटोमैटिक नोटिस सिस्टम से मामलों का निपटारा तेज होगा। फाइल गुम होने या देरी की समस्या कम होगी और पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी। आदेश और फैसले भी ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे। दूसरा बड़ा सुधार 'रेल टेक पॉलिसी' है। इसके तहत कोई भी स्टार्टअप, शोध संस्थान या उद्योग रेलवे से जुड़े किसी मुद्दे पर अपना समाधान प्रस्तावित कर सकता है। पहले की नीति में रेलवे खुद समस्या तय करता था और उसी पर समाधान मांगे जाते थे। अब कोई भी व्यक्ति या संस्था रेलवे की कार्यप्रणाली से जुड़े किसी भी क्षेत्र सुरक्षा, रखरखाव, यात्री सुविधा या संचालन में नई तकनीक का सुझाव दे सकती। प्रस्ताव आने पर संबंधित विभाग उसकी उपयोगिता और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## भारत में बदलेगा वाट्सअप इस्तेमाल का तरीका! 1 मार्च से सिम वेरिफिकेशन जरुरी

नई दिल्ली। भारत में जल्द ही मैसेजिंग ऐप्स के काम करने के तरीके में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। सरकार साइबर फ्रॉड को कम करने और ऑनलाइन सेफ्टी को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल नियमों को सख्त कर रही है। खबर है कि वाट्सअप भारतीय यूजर्स के लिए एक नया वेरिफिकेशन स्टेप लाने की तैयारी कर रहा है। यह बदलाव नई टेलीकॉम सिक्योरिटी गाइडलाइंस से जुड़ा है। नए नियम 1 मार्च से लागू हो जाएंगे। यूजर्स को बिना किसी रुकावट के ऐप का इस्तेमाल जारी रखने के लिए अपना रजिस्टर्ड सिम कार्ड अपने फोन में रखना पड़ सकता है। केंद्र सरकार द्वारा साफ कर दिया गया है कि, सिम बाइंडिंग नियम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। व्हाट्स ऐप भारतीय फोन नंबर वाले यूजर्स के लिए एक नए स्ढ्रूबाइंडिंग फीचर पर काम कर रहा है। यह अपडेट टेलीकम्युनिकेशन (टेलीकॉम साइबर सिक्योरिटी) रूल्स, 2024 के तहत डिपार्टमेंट ऑफ



टेलीकम्युनिकेशन्स (DoT) के नियमों को फॉलो करने के लिए डेवलप किया जा रहा है।

फीचर ट्रैकर WABetaInfo द्वारा शेयर किए गए एक स्क्रीनशॉट में Android वर्जन 2.26.8.6 के लिए वाट्सअप बीटा में एक पॉप-अप मैसेज दिख रहा है। मैसेज में कहा गया है कि भारत में रेगुलेटरी जरूरतों के कारण, वाट्सअप को यह चेक करने की जरूरत है कि यूजर का सिम कार्ड डिवाइस में है या नहीं। आसान भाषा में समझिए कि, अगर आपने भारतीय (+91) नंबर का इस्तेमाल करके वाट्सअप पर साइन अप किया है, तो ऐप वेरिफाई करेगा कि, आपके स्मार्टफोन में वही सिम कार्ड अभी भी लगा हुआ है। यह चेक समय-समय पर हो सकता है। यह एक बार में होने वाला प्रोसेस नहीं है।

### पुरानी चैट रहेंगी सुरक्षित

अगर ऐप को पता चलता है कि सिम कार्ड गायब है या रजिस्टर्ड नंबर से मैच नहीं करता है, तो अकाउंट का एक्सेस लिमिट किया जा सकता है। हालांकि, रिपोर्ट्स बताती हैं कि, पुरानी चैट सुरक्षित रहेंगी। यूजर्स अपने मौजूदा मैसेज नहीं खोएंगे, लेकिन सिम के दोबारा वेरिफाई होने तक उन्हें नए मैसेज नहीं मिल सकते हैं।

### सिम बाइंडिंग नियम यह क्यों है जरूरी

सिम बाइंडिंग अपडेट नवंबर 2025 में डॉट द्वारा जारी एक निर्देश से जुड़ा है। नियम के तहत वाट्सअप, सिगनल और टेलीग्राम जैसे मैसेजिंग ऐप्स को यह पक्का करना होगा कि यूजर्स के अकाउंट से एक एक्टिव सिम कार्ड जुड़ा हो। इस नियम का मुख्य मकसद साइबर फ्रॉड और मोबाइल नंबरों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

CMYK

# शासकीय कार्यालयों में लेट-लतीफ आने का दौर हुआ खत्म, बायोमेट्रिक प्रणाली से दर्ज हो रही हाजिरी




राजनांदगांव (दावा)। जिला मुख्यालय के शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों/कर्मचारियों का लेट- लतीफ आने का दौर खत्म हो गया। अब इन शासकीय कार्यालयों में अपने मनमर्जी आने-जाने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की आधार-सक्षम बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति दर्ज हो रही है।

बता दें कि शासकीय कार्यालयों में ज्यादातर अधिकारी कर्मचारी अपने ढंग से आफिस आने-जाने में रुचि दिखाते हैं। कोई-कोई तो बगैर आफिस आए दिन भर के लिए गोल हो जाते है। ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा लेट-लतीफ करते हुए मन मर्जी आफिस आने-जाने पर अंकुश लगाने व समय पर उनकी उपस्थिति के लिए कलेक्ट्रेट में बायोमेट्रिक डिवाइस से अधिकारियों, कर्मचारियों का अटेंडेंस सिस्टम लागू किया गया है। शासन द्वारा इस आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से अब जिला कार्यालय के सभी अधिकारी- कर्मचारी अपनी दैनिक हाजरी दर्ज करा रहे है। सुबह सभी अधिकारी, कर्मचारी कलेक्टोरेट परिसर में पहुंचकर अपने एंड्राइड मोबाइल से ऑनलाइन माध्यम के जरिए अपनी उपस्थिति दर्ज कराते दिखाई दे रहे हैं।

आधार-सक्षम इस बायोमेट्रिक सिस्टम एप के माध्यम से ई -हाजिरी दर्ज कराई जा रही है। इसके लिए ऐप खोलते ही फेस कैपचरिंग करने कैमरा ऑन होता है और इस पर आंखों की पलके झपकानी पड़ती है। इसके बाद ऐप में ग्रीन टैग आता है और फिर उपस्थित के दौरान तस्वीर और लोकेशन के साथ ही वक्त दर्ज हो जाता है । इस तरह से कर्मचारी की हाजिरी लगती है और यही सिस्टम छुट्टी के वक्त अपनाया जाता है जो जाने का समय होता है । इस सिस्टम में प्रतिदिन की दैनिक हाजिरी दर्ज हो रही है।

# धार्मिक अलर्ट : खण्डग्रास चंद्रग्रहण के कारण 3 मार्च को बंद रहेंगे मंदिरों के पट




**सुबह 9:7 बजे से शुरू होगा सूतक काल, शाम 7:30 बजे शुद्धिकरण के बाद होंगे दर्शन, पुरोहित संघ ने जारी की गाइडलाइन**

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ द्वारा आगामी खण्डग्रास चंद्रग्रहण के मद्देनजर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी एवं कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी ने बताया कि 3 मार्च को लगने वाले खण्डग्रास चंद्रग्रहण के कारण जिले सहित देश के प्रमुख मंदिरों के पट बंद रहेंगे। ग्रहण का सूतक काल सुबह से ही प्रभावी हो जाएगा। जिस दौरान पूजा-पाठ व शुभ कार्य वर्जित रहेंगे। पुरोहित संघ के अनुसार, चंद्रग्रहण में 9 घंटे पूर्व सूतक काल प्रभावी होता है। सूतक काल प्रारंभ 3 मार्च सुबह 9:7 बजे से, चंद्रग्रहण स्पर्श : शाम 6:7 बजे, चंद्रग्रहण मोक्ष शाम 6:47 बजे, पट खुलने का समय : शाम 7:30 बजे (शुद्धिकरण के पश्चात) तक रहेगा।

### सूतक काल में क्या करें, क्या न करें?

संघ ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष परामर्श जारी किया है। भोजन व सुरक्षा : चावल, दाल एवं सूखी खाद्य सामग्रियों में तुलसी पत्ता या कुश डालकर रखें। मान्यता है कि इससे ग्रहण का दुष्प्रभाव नहीं पड़ता। मंत्र जाप : सूतक काल के दौरान गुरु मंत्रों का जाप करना श्रेयस्कर माना गया है। सक्षम लोगों को सूतक से मोक्ष तक भोजन ग्रहण नहीं करना चाहिए, हालांकि यह नियम बुजुर्गों और बच्चों पर कड़ाई से लागू नहीं होता। प्रेस विज्ञप्ति में त्योहारों की तिथियों को भी स्पष्ट किया गया है। 24 फरवरी से होलाष्टक प्रारंभ हो चुका है। आगामी 27 फरवरी को आमलक्की (रंगभरी) एकादशी मनाई जाएगी। इसके पश्चात 2 मार्च को होलिका दहन होगा और 4 मार्च (बुधवार) को प्रतिपदा तिथि पर हर्षोल्लास के साथ बसंतोत्सव (होली) मनाया जाएगा। संघ के प्रमुख पदाधिकारियों–अभिषेक चौबे, आकाश शर्मा, शिवेन्द्र वैष्णव, और तारक निर्मोही सहित दर्जनों पुरोहितों ने समस्त पुजारी वर्ग से 3 मार्च को ग्रहण काल के दौरान मंदिरों के पट बंद रखने और नियमों का पालन करने का आह्वान किया है।

# होली पर हुड़दंगियों की खैर नहीं : थानों में हुई शांति समिति की बैठक, नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

**एसपी अंकिता शर्मा के निर्देश पर पुलिस की अपील– शांति और भाईचारे के साथ मनाएं रंगों का पर्व; डीजे और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर रहेगी नजर**



राजनांदगांव(दावा)। पुलिस द्वारा रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं भाईचारे के वातावरण में मनाए जाने की अपील की है। इस संबंध में जिले के थाना बागनदी, पुलिस चौकी मोहारा, ओपी सुकुलदैहान एवं थाना घुमका सहित विभिन्न थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं संबंधित पुलिस अनुविभागीय अधिकारियों के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुई इस बैठक में क्षेत्र के सरपंच, उपसरपंच, कोटवार, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित लोगों को बताया गया कि, होली के दौरान डरावने या पहचान छुपाने वाले प्रतिबंधित मुखौटे पहनकर हुड़दंग करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। डीजे एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि सीमा के भीतर ही बजाए जाएं। बिना अनुमति डीजे संचालन पर कार्यवाही होगी। अश्लील गाने बजाने एवं अत्यधिक शोर करने पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत सख्त कार्यवाही एवं जुर्माना किया जाएगा। तेज रफ्तार, तीन सवारी, खतरनाक ड्राइविंग एवं नियम उल्लंघन पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। जबरन रंग लगाने, झगड़ा-विवाद करने एवं शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर अपराध दर्ज किया जाएगा। पुलिस द्वारा बिजली तार एवं खंभों के आसपास होलिका दहन न करने की अपील की गई है। साथ ही किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई। इस संबंध में कोटवारों के माध्यम से गांवों में मुनादी कर जन-जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए। वही असामाजिक तत्वों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने हेतु नागरिकों से अपील की गई है।

# कलेक्टर ने ग्राम नवागांव में डोम का किया निरीक्षण



**डोम में रोजगार की संभावनाओं के मद्देनजर आजीविका मूलक गतिविधि संचालित करने के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम नवागांव में डोम का निरीक्षण किया। उन्होंने डोम में रोजगार की संभावनाओं के मद्देनजर आजीविका मूलक गतिविधियों को संचालित करने के निर्देश दिए तथा इसके लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि स्थान का समुचित उपयोग करते हुए यहां रोजगार संबंधी अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने से स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। उन्होंने डोम के समीप आयुर्वेदिक पौधे लगाने के लिए कहा। कलेक्टर ने पुराने जिला पंचायत भवन के समीप स्थित व्यवसायिक परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने वहां फूड लैब का निर्माण करने तथा राज बिहान के प्रोडक्ट की पैकेजिंग के लिए इस परिसर का उपयोग करने के लिए कहा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, जनपद सीईओ मनीष साहू, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से पिनाकी उपस्थित रहे।

# सीनियर नेशनल कराते चैम्पियनशिप के लिये छग की टीम में राजनांदगॉव के 5 खिलाड़ी चयनित



**नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में संस्कारधानी के खिलाड़ी करेंगे अपने कौशल का प्रदर्शन**

राजनांदगांव (दावा)। न्यू दिल्ली के ताल कटोरा इनडोर स्टेडियम दिनांक 26 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक 5वीं सीनियर नेशनल कराते चौंपियनशिप का आयोजन कराते इंडिया ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है । उक्त प्रतियोगिता में राजनांदगांव जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ कराते डू एसोशिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिये किया गया है। राजनांदगॉव जिले के मूल निवासी एवं राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक सिहान मुरली सिंह भारद्वाज इस टीम के प्रमुख कोच के रूप में प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। उक्त टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी कराते खिलाड़ियों को राजनांदगांव जिला कराते संघ के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राज्य पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, सचिव सिहान मुरली सिंह भारद्वाज, उपाध्यक्ष कमल पूजन, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, सहसचिव सतीश पदम, राजनांदगांव अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के सीनियर खिलाड़ी जयप्रकाश साहू, दुर्गेश साहू, टिकेश्वर साहू, तरुण साहू, अन्नपूर्णा साहू एवं अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल राजनांदगांव के सभी सम्मानित अभिभावकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। टीम में चयनित उक्त सभी खिलाड़ियों में अम्बर सिंह भारद्वाज, जयदीप सिन्हा, लोचन साहू, मोनिका पाढ़ी एवं लोकिता साहू शामिल हैं, जो प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये नई दिल्ली रवाना हो चुके है।

# सोमनी पुलिस ने 13 गुम मोबाईल को आवेदकों को लौटाया




**मोबाइल पाकर आवेदकों के चेहरे खिले, पुलिस का किया गया आभार व्यक्त**

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने थाना प्रभारी अरुण कुमार नामदेव के नेतृत्व में अपनी सक्रियता दिखाते हुए अपने थाना क्षेत्र में गुम हुए 13 नग मोबाइल को खोज निकाला है और उसके सही स्वामियों थाने बुला?कर उन्हें लौटाया गया है। सोमनी पुलिस की इस सक्रियता के चलते महिनो से गुम हुए मोबाइल को पाकर आवेदक प्रार्थियों के चेहरे खिल गए और सोमनी पुलिस का इस के लिए आभार व्यक्त किया है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में सीआईआर पोर्टल के माध्यम् से गुम मोबाईल फोन को ढूंढकर पहले भी प्रार्थियों को लौटाया जाता रहा है। इसी तारतम्य में थाने में गुम मोबाईल की शिकायत दर्ज होने पर थाना सोमनी पुलिस की टीम ने सीआईआर पोर्टल के माध्यम् से गुम मोबाइल फोन को ढूंढने की प्रक्रिया शुरू की। जिसमें टीम को 13 मोबाईल फोन को ढूंढने में सफलता मिली जिसे 26 फरवरी गुरुवार को सभी प्रार्थियों को थाने में बुला कर तथा उनके मोबाईल फोन को तस्दीक कर उन्हें वापस सौंपा गया। थाना प्रभारी श्री नामदेव ने बताया कि उक्त 13 नग गुम मोबाईल की कीमत लगभग 1 लाख 30 हजार रूपये है।

# कुम्हालोरी नाला में जुआं खेल रहे 3 जुआरी पुलिस के हत्थे चढ़े



**रेड कार्यवाही में जुआरियों से 52 पत्ती व 2300 रुपए जप्त**

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी सुरगी द्वारा अपने चौकी क्षेत्र के कुम्हालोरी नाला में जुआं खेल रहे 3 आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने उनके पास से ताश की 52 पत्ती व 2300 रुपए नगदू रकम जब्त की है। चौकी प्रभारी ढाल सिंग साहू ने पुलिस के हत्थे चढ़े जुआरियों के नाम इंद्रकुमार धनकर पिता स्व. बिसे लाल धनकर उम्र 47 साल निवासी ग्राम भरदा कला थाना अर्जुंदा ,गफ्फूर खान पिता नत्थू खान उम्र 64 साल निवासी ग्राम चिरचार हाल भरदा कला थाना अर्जुंदा व लक्ष्मी नारायण कोसरे पिता महेश कोसरे उम्र 36 साल निवासी ग्राम चिरचार थाना अर्जुंदा जिला बालोद बताया है। इस क्रम में 25 फरवरी को मुखबीर से सूचना प्राप्त होने पर कि कुम्हालोरी नाला में कुछ व्यक्ति 52 पत्ती ताश से रुपये-पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। इस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सुरगी पुलिस स्टाफ द्वारा मौके पर पहुंचकर रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 03 जुआरियों को 52 पत्ती ताश से रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपीगण से कुल 2300 रुपये जप्त कर उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 03 के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई।

# नर्सरी से कक्षा 5 तक की फीस एकमुश्त जमा करने पर मिलेगी छूट



राजनांदगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट के निदेशक सावंत बहादुर सिंह ने घोषणा की है कि नर्सरी से कक्षा 5 तक के अभिभावक एकमुश्त फीस जमा कर सकते हैं। इस योजना के तहत अभिभावकों को इन आठ वर्षों की फीस के लिए केवल 2.5 लाख रुपये का भुगतान एकमुश्त करना होगा। ध्यान रहे यह योजना अध्ययन के हेतु है। बस शुल्क इसमें शामिल नहीं है। कक्षा छठवीं से कक्षा 12वीं तक के लिए भी ऐसी ही एक और योजना लागू है। जिसमें एकमुश्त शुल्क देखकर पालकगण शाला की प्रत्येक वर्ष बढ़ने वाली फीस से भी 8 वर्ष तक के लिए राहत पा सकते हैं। इसके बारे में विस्तृत जानकारी हेतु शाला कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। साथ ही शाला की विशेष डिस्काउंट स्कीम का लाभ उठाने हेतु काफी सारे पालकों में विशेष उत्साह है।

इस निर्णय का स्वागत करते हुए, अध्यक्षा डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, इला सिंह, बर्सर डॉ. आईके वैष्णव, अकादमिक निदेशक अभिषेक खंडेलवाल, प्राचार्या सीबीएसई एकता खंडेलवाल, सोनल अंजोरिया, उप प्राचार्या ममता मिश्रा, प्रधानाध्यापिका सरिता सिंह, डॉ. अनुराधा शुक्ला, डॉ. यामिनी साहू, प्रीति श्रीवास्तव, सुनील भट्टाचार्य, आयुष मर्जिवे और साजू बेबी कुट्टी ने किया है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए अभिभावक जल्द से जल्द स्कूल प्रशासन से संपर्क कर सकते हैं। शाला के छात्रों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का दमदार प्रदर्शन कर गूगल, मिक लिन जैसी अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों में ग्लोबल डायरेक्टर जैसे पदों को सुशोभित कर रहे हैं। विश्व के कोने-कोने में रॉयल किड्स कान्वेंट के छात्र अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए शानदार तरीके से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। अमित झा, आशुतोष झा, पंकज पारख, डॉ मानसी जैन, डॉ. वर्गीज, कौस्तुभ भूतड़ा, धवल ठक्कर, मृत्युंजय शर्मा, सुमीत झा जैसे अनेकानेक छात्रों ने विदेशों से अपनी शुभकामनाएं शाला परिवार को प्रेषित की है एवं अपने मार्गदर्शन के लिए शाला परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही सीबीएसई बोर्ड के अंशदीप बग्गा एवं अनुनय कन्नौजे का आइजर जैसी संस्थाओं में हाल ही में चयन शाला की उत्कृष्ट शिक्षा को प्रदर्शित करता है। प्राचार्य ने बताया कि शुभांशु शुक्ला जैसे अंतरिक्ष यात्री ने भी अपनी स्कूल एजुकेशन आईसीएसई बोर्ड से ही संपन्न की है। यहां तक की छत्तीसगढ़ बोर्ड की परीक्षाओं में भी हमारे यहां के छात्रों ने पिछले वर्ष की मेरिट लिस्ट में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। वहीं नीट जैसे प्रतिष्ठित एग्जाम में 3 वर्षों तक जिला टॉपर देना अपने आप में एक काबिले तारीफ तथ्य है।

# छात्रों के मंच का राजनीतिकरण दुर्भाग्यपूर्ण: विरोध से पहले नेताओं को घरों से उठाया

राजनांदगांव (दावा)। जिले के अग्रणी महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि विद्यार्थियों की प्रतिभा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के लिए आयोजित इस मंच का उपयोग एक विशेष राजनीतिक दल के प्रचार के लिए किया जा रहा है। उन्होंने इसे शैक्षणिक वातावरण के विपरीत बताया है।



कांग्रेस नेताओं का कहना है कि महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव हमेशा से छात्रों की उपलब्धियों और रचनात्मक गतिविधियों का मंच रहा है। छात्रसंघ से जुड़े पूर्व पदाधिकारियों ने दावा किया कि अपने कार्यकाल में उन्होंने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर सभी छात्रों को समान अवसर और सम्मान दिया। नेताओं के अनुसार कार्यक्रम के कथित 'भाजपाकरण' के विरोध में वे शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आपत्ति दर्ज कराने की तैयारी कर रहे थे। उनका कहना है कि उनका उद्देश्य कार्यक्रम में व्यवधान डालना नहीं, बल्कि छात्रों के मंच को राजनीतिक प्रभाव से मुक्त रखना था।

इस बीच आरोप है कि विरोध दर्ज कराने से पहले ही पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कई नेताओं को पूर्व पार्षद के घर से सभी को हिरासत में ले लिया। इसे कांग्रेस नेताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है। उनका कहना है कि शांतिपूर्ण विरोध करना संविधान प्रदत्त अधिकार है। हिरासत में लिए गए लोगों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के सचिव विशु अजमानी, पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, एनएसयूआई नेता राजा यादव, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ऋषभ निर्मलकर, सागर ताम्रकार, संजय साहू और हनी सहित अन्य साथी शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस पार्टी के शहर जिला अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, प्रदेश सचिव मेहुल मारू, कांग्रेस नेता अमित चंद्रवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, संदीप जायसवाल सहित वीरेंद्र चंद्राकर अन्य पदाधिकारी बसंतपुर थाना पहुंचे और पुलिस कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए तत्काल रिहाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शैक्षणिक संस्थानों में राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं रुका तो वे व्यापक स्तर पर लोकतांत्रिक आंदोलन करेंगे। प्रशासन से निष्पक्षता बरतने की अपील भी की गई है।







**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
3-5-8
146-1 223-7
राजधानी
2-4-9
168-5 580-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विद्या देवी चौहान पति संतोष सिंह चौहान निवासी मकान नंबर 03, वार्ड नंबर 09, ग्राम-मुड़पार, पोस्ट तहसील-खैरागढ़, जिला केसीजी (छ.ग.) 491881 ने अपना पुराना नाम विद्या देवी चौहान पति संतोष सिंह चौहान बदल दिया है। भविष्य में मुझे अपने नए नाम विदया देवी चौहान पति संतोष सिंह चौहान के नाम से ही सभी सरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में पहचाना जाए।

विदया देवी चौहान
निवासी- म.नं. 03, वार्ड नं. 09, ग्राम मुड़पार, पोस्ट व तहसील-खैरागढ़ जिला-केसीजी (छ.ग.) 491881

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जनक राम गेन्डरे पिता बुधारू (JANAK RAM GENDRE S/O BUDHARU) पता- ग्राम हरदी, पोस्ट बाकल, तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) पिन-491441 का निवासी हूँ।

यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम जनक राम गेन्डरे पिता बुधारू (JANAK RAM GENDRE S/O BUDHARU) को बदलकर नया नाम जनक राम गेन्डरे पिता घुंघरू (JANAK RAM GENDRE S/O GHUNGHRU) रख लिया हूँ। अत: आज से मुझे मेरे नये नाम जनक राम गेन्डरे पिता घुंघरू (JANAK RAM GENDRE S/O GHUNGHRU) को ही समस्त शासकीय व अर्द्धशासकीय दस्तावेज में दर्ज किया जावे। अब से मुझे मेरे नये नाम जनक राम गेन्डरे पिता घुंघरू (JANAK RAM GENDRE S/O GHUNGHRU) से जाना व पहचाना जावे।

जनक राम गेन्डरे
पिता घुंघरू (JANAK RAM GENDRE S/O GHUNGHRU)
पता- ग्राम हरदी, पोस्ट बाकल, तहसील-डोंगरगांव
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**कार्यालय कलेक्टर, राजनांदगांव (आदिम जाति अनुसूचित जाति विकास विभाग)**

क्रमांक/2979/आ.जा.क/लघु निर्माण/2025-26 राजनांदगांव, दिनांक 25/02/2026

**// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकल पंजीयन अंतर्गत सक्षम वर्ग के पंजीकृत ठेकेदारों से मुहर बंद निविदाएं प्रपत्र ''अ'' में मुख्य अभियंता लो.नि.वि. भवन निर्माण दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युतीकरण दिनांक 01.06.2020 की प्रचलित (अद्यतन संशोधित सहित) दर पर निविदा नि:शर्त सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा जिला राजनांदगांव के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि - दिनांक 09.03.2026 अपरान्ह 3.00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि - दिनांक 12.03.2026 सायं 5.00 बजे तक
3. स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्री द्वारा निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक - दिनांक 24.03.2026 सायं 5.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - दिनांक 25.03.2026 दोपहर 12.00 बजे

| क्र. | कार्य का विवरण | जिला | कुल कार्यो की संख्या | कुल कार्य की लागत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला राजनांदगांव के अंतर्गत संचालित विभागीय छात्रावास/ आश्रम भवनों में अनुरक्षण/लघु निर्माण कार्य वर्ष 2025-26 | राजनांदगांव | 16 | 77.54 |
| | | योग- | 16 | 77.54 |

(ससत्तर लाख चौव्वन हजार मात्र)

टीप :- निविदा की शर्ते एवं कार्यो से संबंधित समस्त जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

(सुश्री दीक्षा गुप्ता)
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, राजनांदगांव

जी-252606936/2

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका ने सरकार के खिलाफ फिर खोला मोर्चा

## आंबा के संयुक्त मंच द्वारा प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय हड़ताल प्रारंभ



राजनांदगांव (दावा)। जिले के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओ ने अपनी मांगों को लेकर एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बार आंबा संयुक्त मंच द्वारा अपनी मांगों के संदर्भ में प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी गई है।

जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेट के सामने फ्लाई ओवर के नीचे धरना प्रदर्शन आंदोलन कर रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने बताया कि प्रदेश के 50 हजार से भी ज्यादा आंगनबाड़ी केन्द्रों में 26 एवं 27 फरवरी को एक बार फिर से ताला लटकने जा रहा है। इससे महिला एवं बाल विकास विभाग के लगभग सभी काम ठप होंगे।

### बजट में उनके साथ किया गया छल

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का कहना है कि बजट में केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य की विष्णुदेव साय की सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका बहनों के साथ छल किया है। जबकि इस आस थी कि बजट में उनका वेतनमान बढ़ाया जाएगा। लेकिन ऐसा न किया जा कर उनके साथ छल किया गया। अब उनकी मांग है कि मध्यप्रदेश की तरह छत्तीसगढ़ शासन उनका नियमितिकरण करें या फिर कलेक्टर दर पर उन्हें वेतन दे। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार उनकी मांगों को अनदेखी कर रही है। इसलिए एक बार फिर उन्हें आंदोलन करने बाध्य होना पड़ रहा है।

### मानदेय के सहारे लिया जा रहा रगड़ कर काम

आंगनबाड़ी की महिलाओं ने बताया कि आइसीडीएस के स्थापना को हुये पच्चास वर्ष हो चुका है। इन लम्बे अतराल में केन्द्र सरकार द्वारा सहायिका को महज ही रु 2250 और कार्यकर्ता को रु 4500 ही मानदेय दिया जा रहा इसके अलावा केन्द्र सरकार से ना कोई पेशन. है ना ग्रेज्युवेटी. ना समूह बीमा. बेटी या बेटा की शादी हो. स्वयं की लम्बी बीमारी हो या फिर परिवार के किसी सदस्य बीमार हो और यदि उसका देखभाल करनी है तो कोई अवकाश सुविधा नही। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाए द्वारा अपना मानदेय कटवाकर पारिवारिक दायित्वो का निर्वहन किया जाता है.

### मांगे नहीं मानने पर उग्र हो सकता है आंदोलन

आंगनबाड़ी की महिलाओं का कहना है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओ की नियुक्ति आंगनबाड़ी केन्द्रो और महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यो के सम्पादन के लिये किया गया है, लेकिन उनसे शासन के लगभग सभी विभागो का काम लिया जाता है। सभाओ में भीड़ बढ़ाने के लिये भी उनका उपयोग किया जाता है। इसके बावजूद न उनका नियमितिकरण किया जा रहा है और न कलेक्टर दर पर उनका वेतन दिया जा रहा है। और काम रगड़ कर लिया जा रहा है। काम के बोझ और अफसरों के गुलामी भरी जिन्दगी से त्रस्त होकर छत्तीसगढ़ के एक लाख से भी अधिक महिलाएं अपनी मांगों के संदर्भ में गुरुवार से दो दिवसीय आंदोलन का रुख अख्तियार करते हुए सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि केंद्र व राज्य की सरकार उनकी मांगों की ओर फिर से अनदेखी करती हैं तो उनका यह आंदोलन और भी उग्र हो सकता है।

# हनुमान श्याम मंदिर में फागुन महोत्सव पर भजन संध्या



राजनांदगांव (दावा)। जी.ई. रोड स्थित श्री हनुमान श्याम मंदिर में स्थापित खाटू वाले श्याम प्रभु के फागुन महोत्सव का भव्य आयोजन श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा किए जाने की परम्परा है। यहां श्री श्याम प्रभु के दोनों महोत्सव कार्तिक उत्सव एवं फागुन उत्सव का भव्य आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में फागुन शुक्ल एकादशी को भव्य भजन संध्या आयोजित है।

श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु का रंग रंगीला फागुन महोत्सव फागुन शुक्ल एकादशी के पावन अवसर पर 27 फरवरी को मनाया जाएगा।

इसके लिए मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया संवारा गया है। श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार किया जा रहा है। भजन के दौरान फूलों, इत्र, केसर, गुलाब जल की होली खेली जाएगी। अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। जिसमें प्रत्येक दर्शनार्थी को आहुति देने का अवसर प्राप्त होगा।

**0 सागर व्यास की सुमधुर वाणी से बरसेगी भजन रूपी अमृत धारा**
**0 श्री श्याम भरोसे परिवार का भव्य आयोजन**
**0 फूलों, इत्र, केसर, गुलाब जल की होली खेली जाएगी**

फागुन महोत्सव को भव्यता प्रदान करने हैदराबाद के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक सागर व्यास अपनी ओजस्वी एवं मधुर वाणी से फागुन के मस्ती भरे सुमधुर भजनों की संगीतमय प्रस्तुति से भजन रूपी अमृत धारा प्रवाहित करेंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालु मक्त माता बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि इस फागुन महोत्सव में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

# जिला जेल के कैदियों का किया हैंड हैल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से टीबी जांच



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत निक्षय निरामय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत टीबी के उच्च जोखिम समूहों का चिन्हांकन किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सेंट्रल टीबी डिवीजन के द्वारा राजनांदगांव जिले को प्राप्त हैंड हैल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से जिला जेल राजनांदगांव के 403 कैदियों का एक्स-रे मशीन के माध्यम से जांच का कार्य किया जा रहा है। प्रथम दिवस 74 कैदियों की जांच एक्स-रे मशीन के माध्यम से किया गया।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना लूनिया ने बताया कि, राजनांदगांव जिलें में चलाए जा रहे निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ पहचान एवं उपचार अभियान के अंतर्गत उच्च जोखिम समूह के 46671 व्यक्तियों का एक्स-रे एवं 17542 व्यक्तियों का नॉट मशीन के द्वारा जांच कराया जा चुका है। राजनांदगांव जिले को राज्य स्तर से 2 नग हैण्ड हेल्ड एक्स-रे मशीन अब तक प्राप्त हो चुका है एवं दो मशीन जिले को और प्राप्त होनी है। राज्य स्तर से अब तक 1 मशीन के इंस्टालेशन का कार्य किया गया है, शेष मशीनों के इंस्टालेशन के बाद तैयार किए गए रूट चार्ट के अनुसार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के टीबी के उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों का एक्स-रे जांच का कार्य मशीनों के माध्यम से किया जाएगा। जिला जेल राजनांदगांव के कैदियों का एक्स-रे मशीन के माध्यम से जांच का कार्य रेडियोग्राफर लेप्रा सोसायटी लखन निषाद, टीबी मितान अपूर्व यादव, गुनेश यादव, जिला कार्यक्रम समन्वयक भूषण साहू, एसटीएस भूपेश साहू, एसटीएलएस सतीश केशरिया की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में संपादित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला जेल राजनांदगांव के मेडिकल आफिसर, फार्मासिस्ट श्री यज्ञदत्त साहू एवं जेलर श्री उत्तम पटेल उपस्थित थे।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्षों व महामंत्रियों की घोषणा, संगठन में नई ऊर्जा का संचार



**जिला अध्यक्ष दिलीप साहू ने जारी की सूची राजनांदगांव, डोंगरगढ़ और छुरिया सहित विभिन्न मंडलों की टीम घोषित**

राजनांदगांव(दावा)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के मार्गदर्शन एवं जिला राजनांदगांव के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष दिलीप साहू ने अपने मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित टीम घोषित की। जारी सूची के अनुसार राजनांदगांव उत्तर मंडल अध्यक्ष दुरेंद्र साहू महामंत्री हरीश साहू, धनेश्वर दास मानिकपुरी बनाए गए हैं। इसी तरह राजनांदगांव दक्षिण मंडल अध्यक्ष अरुण साहू को नियुक्त किया गया है। वहीं महामंत्री अरुण देवांगन, मोहन सिन्हा बनाए गए हैं। इसी तरह राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल अध्यक्ष खुमान साहू महामंत्री किशोर साहू, जागेश्वर साहू, राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल में अध्यक्ष की जिम्मेदारी लालाराम देवांगन को और संतोष साहू, छत्रपाल वर्मा को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है।

डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष चितरंजन साहू, महामंत्री राकेश देवांगन, अक्षय यादव डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार वैष्णव, महामंत्री शैलेश महोबिया, योगेश साहू, तिलई मंडल अध्यक्ष महेश सेन, महामंत्री तारण साहू, गणेश राम साहू बनाए गए हैं। इसके अलावा घुमका मंडल अध्यक्ष धरमु साहू महामंत्री खिलावन दास, रोमन वर्मा बनाये गए हैं। डोंगरगांव मंडल की जिम्मेदारी अध्यक्ष भीषम कुमार साहू, महामंत्री अजय कौशिक, टीलेंद्र देवांगन को दी गई है। तुमड़ीबोड मंडल में अध्यक्ष दिनेश यादव, महामंत्री जीवनधन वर्मा, टेकराम साहू व अर्जुनी मंडल में अध्यक्ष देवलाल साहू, महामंत्री डोमन पटेल, मोहन साहू बनाए गए हैं। इधर मुसरा मुरमुंदा मंडल की जिम्मेदारी अध्यक्ष रामावतार वर्मा, महामंत्री हनुमान सिंह, पुकेश्वर वर्मा, लाल बहादुर नगर में देवेंद्र सुलाखे, महामंत्री मदन चक्रवर्ती, दुर्गेश साहू को सौंपी गई है। इसके अलावा छुरिया मंडल में अध्यक्ष देवानंद सहारे महामंत्री रमेश पाल, महेश साहू, कुमर्दा मंडल अध्यक्ष किशुन साहू महामंत्री डोमन साहू, लिलेश देवांगन, गेंदाटोला मंडल अध्यक्ष में रोशन वैष्णव महामंत्री दरबार साहू, विक्रम निषाद बनाए गए हैं।

# खग्रास चन्द्रग्रहण 3 मार्च को, मां बम्लेश्वरी का पट 03 मार्च को सुबह 8.45 से रात्रि 7.30 बजे तक बंद रहेगा




डोंगरगढ़(दावा)। फागुन मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा दिनांक 03 मार्च दिन मंगलवार को चन्द्र ग्रहण होने की वजह से मंदिर का पट 03 मार्च को प्रातः 8:45 बजे से रात्रि 7:30 बजे तक बंद रहेगा, जिसके अन्तर्गत ग्रहण का सूतक 03 मार्च को प्रातः 9 बजकर 7 मिनट से प्रारंभ होग0ा, ग्रहण स्पर्श संध्या 6 बजकर 7 मिनट पर, ग्रहण मोक्ष संध्या 6 बजकर 47 मिनट पर होगा। जिसकी वजह से श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित सभी मंदिरों में 03 मार्च 2026 को प्रातः 08.45 बजे मंदिर ट्रस्ट से संबंधित सभी मंदिरों का पट बंद कर दिया जावेगा जो कि दिनांक 03 मार्च को रात्रि 7 बजकर 30 बजे देवी जी का अभिषेक, श्रृंगार किया जावेगा तदपश्चात आरती के साथ माताजी के दर्शन होगें।उक्ताशय की जानकारी ट्रस्ट के मंत्री महेन्द्र परिहार ने माता जी के भक्तजनों से उक्त तिथी को ध्यान में रखते हुये माता जी के दर्शनार्थ डोंगरगढ़ पधारने का निवेदन किया।

# चैत्र नवरात्रि पर्वः डोंगरगढ़ मेले में यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था के संबंध में 2 मार्च को बैठक

राजनांदगांव (दावा)। चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 19 मार्च 2026 से प्रारंभ होने वाले मेले में यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था पर चर्चा के लिए 2 मार्च 2026 को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

# डोंगरगढ़ पहुचे दिग्विजय सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी ने किया आत्मीय स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के डोंगरगढ़ आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव द्वारा उनका आत्मीय एवं गरिमामय स्वागत किया गया। रायपुर से आगमन के पश्चात उन्होंने डोंगरगढ़ में रात्रि विश्राम किया। इस दौरान अपने पुराने पारिवारिक मित्र स्व. प्रकाश गट्टानी परिवार से सौजन्य भेंट कर भोजन ग्रहण किया। प्रातः विश्रामगृह पहुंचकर जिलाध्यक्ष विपिन यादव एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ एवं फूल-मालाओं से उनका भव्य अभिनंदन किया। स्वागत उपरांत जिलाध्यक्ष ने जिले के नवनियुक्त पदाधिकारियों–जिला महामंत्री राहुल तिवारी, पंकज बांधव तथा जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अनीस खान–का परिचय कराया। दिग्विजय सिंह ने सभी को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने, जनहित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने और बूथ स्तर तक कांग्रेस की विचारधारा को पहुंचाने का संदेश दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने जिला कांग्रेस कमेटी की गतिविधियों, संगठनात्मक विस्तार एवं वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य से उन्हें अवगत कराया। तत्पश्चात दिग्विजय सिंह, विपिन यादव एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सीढ़ियों से पैदल चढ़कर माँ बमलेश्वरी मंदिर पहुँचे और विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इसके बाद उन्होंने जैन तीर्थ स्थल में भी दर्शन किए। इस दौरान शहर अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार भी उपस्थित रहे।

डोंगरगढ़ में उनके आगमन के दौरान पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, प्रदेश महामंत्री डॉ. थानेश्वर पाटिला, वरिष्ठ कांग्रेसी अनिल गट्टानी, महामंत्री चुम्मन साहू, जिलाध्यक्ष पंचायत सदस्य शताक्षी सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश, ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, रामजी तराने, रतन यादव, पियूष दुबे, अमित अग्रवाल, प्रदीप पटेल, मतीन खान, अकील कुरैशी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अंत में अविभाजित मध्यप्रदेश की राजनीति में लंबे समय तक साथ कार्य किए अपने साथी प्रकाश यादव जी को स्मरण करते हुए दिग्विजय सिंह ने मोबाइल के माध्यम से आत्मीय चर्चा कर उनके स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष विपिन यादव डोंगरगढ़ से चिचोला तक उनके साथ रहे और उन्हें आगे की यात्रा के लिए ससम्मान रवाना किया।

# विश्वनाथ यादव छत्तीसगढ़ यादव रत्न से सम्मानित, समाज सेवा के 50 वर्षों का मिला सम्मान



**डोंगरगढ़ में आयोजित गरिमामय समारोह में जिला कोसरिया यादव समाज ने किया अभिनंदन, समाज के दिग्गज रहे उपस्थित**

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ के प्रतिष्ठित समाजसेवी विश्वनाथ यादव को उनके द्वारा समाज हित में किए गए ऐतिहासिक और दीर्घकालिक योगदान के लिए छत्तीसगढ़ यादव रत्न की उपाधि से विभूषित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 24 फरवरी को मां बम्लेश्वरी के पावन प्रांगण में आयोजित यादव समाज डोंगरगढ़ के एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम में प्रदान किया गया। विश्वनाथ यादव जी पिछले 50 वर्षों से पूरे छत्तीसगढ़ में कोसरिया यादव समाज के बीच आपसी भाईचारा, सद्भावना, एकता और संगठन विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। विशेष रूप से डोंगरगढ़ में विगत 33 वर्षों से भगवान श्री राधा-कृष्ण मंदिर की स्थापना वर्ष शोभा यात्रा का सफल संचालन। यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन और आदर्श विवाह जैसे सामाजिक सरोकारों के माध्यम से समाज को नई दिशा देना। समाज के विकास, उन्नति और प्रगति के क्षेत्र में समन्वयकारी भूमिका निभाना। जिला कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में प्रदेश और संभाग स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी साक्षी बने। सम्मानित करने वालों में प्रमुख रूप से रविंद्र यादव (संभागीय अध्यक्ष, दुर्ग), किशन यादव (प्रांतीय समाज, रायपुर), मन्ना लाल यादव (जिला अध्यक्ष, राजनांदगांव), शंकर यादव व गिरिश यादव (दुर्ग), जिला संरक्षक महेश यादव, रवि यादव, दिलीप यादव, उपाध्यक्ष धन्ना यादव, महामंत्री आनंद यादव एवं संगठन प्रभारी भोला यादव आदि उपस्थित रहे। आयोजन में जिला महिला अध्यक्ष श्रीमती शीला यादव, उपाध्यक्ष केशर यादव, संरक्षक मंजू यादव, नगर महिला अध्यक्ष कु. मधु यादव सहित अंजू यादव, संगीता यादव, शोभा यादव और बड़ी संख्या में समाज की महिला पदाधिकारी व श्रद्धालु उपस्थित थे। विश्वनाथ यादव को यादव रत्न मिलने पर समाज के युवाओं और वरिष्ठों ने हर्ष व्यक्त किया है। उपस्थित जनों ने कहा कि उनका व्यक्तित्व सरल, मिलनसार और मार्गदर्शक की भांति है। जिससे समाज को हमेशा मजबूती मिली है।

# प्रदेश के 11 नगर निगमों को 25.05 करोड़ की राशि स्वीकृत, राजनांदगांव निगम को मिले 3 करोड़, विकास कार्यों को मिलेगी नई गति



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के पार्षद रवि सिन्हा ने प्रदेश सरकार द्वारा 11 नगर निगमों को वेतन एवं चुंगी क्षतिपूर्ति मद में कुल 25 करोड़ 5 लाख 34 हजार रुपये की राशि प्रदान किए जाने पर प्रदेश नेतृत्व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। इस राशि में से नगर पालिक निगम राजनांदगांव को 3 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। जिससे शहर में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि यह राशि विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, नगरीय प्रशासन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा महापौर मधुसूदन यादव के सतत प्रयासों का परिणाम है। प्रदेश सरकार नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि शहरों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार और सुदृढ़ीकरण सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि वेतन मद में प्राप्त राशि से निगम कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित होगा। वहीं चुंगी क्षतिपूर्ति मद की राशि से नगर निगम की वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और स्वच्छता, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सेवाओं के संचालन में सहूलियत मिलेगी। रवि सिन्हा ने आगे कहा कि डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन में राजनांदगांव निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। राज्य सरकार द्वारा नगर निगमों को दी जा रही आर्थिक सहायता इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार नगरीय विकास के लिए गंभीर और संवेदनशील है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि आने वाले समय में राजनांदगांव को और भी विकास योजनाओं का लाभ मिलेगा। जिससे शहर की आधारभूत संरचना और मजबूत होगी तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होगी।

# विकास की नई इबारत : डॉ. रमन सिंह ने दी करोड़ों के कार्यों को हरी झंडी




**जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 में बुनियादी ढांचा होगा मजबूत, आवागमन की वर्षों पुरानी समस्या होगी दूर**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 के निवासियों के लिए विकास की एक नई सुबह होने जा रही है। क्षेत्रीय विधायक और छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। यह महत्वपूर्ण सफलता जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति श्रीमती देवकुमारी साहू के सतत प्रयासों और जनहित में की गई निरंतर मांग के परिणामस्वरूप मिली है। इन कार्यों की स्वीकृति से ग्रामीण क्षेत्रों में न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि वर्षों से लंबित पुल-पुलिया की समस्या का भी स्थायी समाधान होगा।

### प्रमुख स्वीकृत विकास कार्य एवं बजट

डॉ. रमन सिंह द्वारा स्वीकृत किए गए मुख्य कार्य और उनका आवंटित बजट निम्नानुसार है। कन्हारपुरी-जंगलेश्वर मार्ग : कलडबरी एवं पड़िसरार नाला पर उच्चस्तरीय पुल के लिए 11.50 करोड़, ठाकुरटोला से खुटेरी पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 3.47 करोड़, ठाकुरोला से तोरनकट्टा पहुंच मार्ग निर्माण 3.40 करोड़, रवेली से तोरनकट्टा नाले पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण के लिए 2.60 करोड़, भोथीपार खुर्द (नयापारा) से उसरीबोड़ पहुंच मार्ग (2 किमी) के लिए 1.92 करोड़, भोथीपारखुर्द स्कूल से वार्ड 5 सड़क निर्माण (1.5 किमी) के ल ए 1.50 करोड़, ग्राम पंचायत पनेका रमेश भाई के घर से बाईपास तक पुल-पुलिया निर्माण प्रस्तावित है।

इन भारी-भरकम विकास कार्यों की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र की जनता में भारी उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि विशेष रूप से बारिश के दिनों में नालों पर पुल न होने के कारण गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से टूट जाता था। अब इस बड़ी राशि की स्वीकृति के बाद यह समस्या स्थायी रूप से हल हो जाएगी। विकास कार्यों की इस बड़ी सौगात के लिए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती देवकुमारी साहू ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन सिंह सदैव विकास की राजनीति करते आए हैं। उनके इस निर्णय से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी और ग्रामीणों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। क्षेत्र की जनता और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस ऐतिहासिक सौगात के लिए डॉ. रमन सिंह और श्रीमती देवकुमारी साहू का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन से मिला त्वरित समाधान, किसानों को मिली ऋण पुस्तिका



**कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का बना प्रभावी माध्यम**

राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का त्वरित कार्रवाई करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजस्व विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए निराकरण किया जा रहा है। राजनांदगांव तहसील अंतर्गत ग्राम ईरा निवासी किसान चिंताराम साहू ने बताया कि, वे लंबे समय से अपने खाता विभाजन के लिए प्रयासरत थे। किसान चिंताराम ने अपनी समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत किया। राजस्व विभाग द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए एक माह के भीतर खाता विभाजन का निराकरण किया गया। इसके पश्चात तहसीलदार राजनांदगांव द्वारा आवेदक चिंताराम साहू को ऋण पुस्तिका प्रदान की गई। इसी प्रकार ग्राम मोहड़ निवासी किसान नाथूराम के प्रकरण का भी त्वरित निराकरण किया गया और उन्हें भी ऋण पुस्तिका प्रदान की गई। जिससे वे शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं एवं बैंक ऋण सुविधाओं का लाभ लेने में सक्षम हो सकेंगे। कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान होने से ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। किसान अपने भूमि संबंधी दस्तावेज समय पर प्राप्त कर शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से ले पा रहे हैं। जनदर्शन कार्यक्रम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा है, जिससे किसानों एवं जनसामान्य को सीधे लाभ मिल रहा है।

## अनमोल दावा

**सफलता उसी को मिलती है जो निरंतर प्रयास करता है।**

## अपने मूल उद्देश्य से भटक गया रेरा

रेरा ऐसी सख्त और सक्रिय कार्रवाई करें, जो अनुशासन स्थापित करें और देरी वाले प्रोजेक्ट समय पर पूरे कराए। रेरा को ऐसी व्यवस्था बनानी होगी जहां शिकायत की नौबत ही न आए और तभी रेरा सफलता के नए आयाम लिख पाएगा। कानून मजबूत है। अब जरूरत है मजबूत इरादे की।

जब भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 यानी रेरा के नौ साल पूरे हो चुके हैं, तब पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट की ओर से उसके खिलाफ की गई सख्त टिप्पणी ने सबका ध्यान खींचा। इस कानून को इस उम्मीद में बनाया गया था कि इससे घर-फ्लैट खरीदारों को मदद मिलेगी और उन्हें बिल्डरों की मनमानी और भ्रष्टाचार से राहत मिलेगी, लेकिन हो रहा उलटा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रेरा को बंद कर देना ही बेहतर है, क्योंकि यह डिफाल्टर बिल्डरों को फायदा पहुंचा रहा है और रिटायर्ड आइएएस अधिकारियों का पुनर्वास केंद्र बन गया है। अब समय आ गया है कि राज्य सरकारें रेरा के गठन पर दोबारा विचार करें। संसद ने रेरा इसलिए बनाया था, ताकि रियल एस्टेट सेक्टर में अनुशासन, पारदर्शिता आए और लोगों का भरोसा बने। उपभोक्ता कानून की तरह सिर्फ नुकसान होने के बाद मुआवजा देना इसका उद्देश्य नहीं था।

रेरा को इस तरह बनाया गया था कि वह नुकसान होने से पहले ही उसे रोके। यानी लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई इसकी असली ताकत थी। सवाल यह है कि क्या इसे सही तरीके से लागू किया गया? अगर रेरा के प्रविधानों को सख्ती से लागू किया जाता और पंजीकरण के समय बिल्डरों की पूरी और गंभीर जांच होती तो अधिकतर प्रोजेक्ट समय पर और बिना किसी शिकायत के पूरे होते। ऐसी स्थिति में बिल्डर समय पर प्रोजेक्ट पूरा करना अपनी प्रतिष्ठा का विषय बनाते। सही तरीके से लागू किया गया कानून सिर्फ सजा नहीं देता। वह ऐसी व्यवस्था बनाता है, जहां अच्छा प्रदर्शन दिखे भी और उसे मापा भी जा सके।

समय पर और बिना विवाद के प्रोजेक्ट पूरा होने पर ही च्च्रेरा है तो भरोसा हैज्ज् जैसे नारे सच में भरोसा पैदा करते, सिर्फ नारा बनकर नहीं रह जाते, लेकिन हकीकत यह है कि पंजीकरण सिर्फ कागज अपलोड करने की प्रक्रिया बनकर रह गई है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां बिल्डर के ब्रोशर में देशभर में कई परियोजनाएं दिखाई गईं, लेकिन रेरा पोर्टल पर केवल एक ही पंजीकृत परियोजना दर्ज थी और शिकायतों का डाटा भी बहुत कम था।

जब प्रोजेक्ट की सुविधाओं की जानकारी बिल्डर की वेबसाइट, स्वीकृत नक्शों और रेरा पोर्टल पर अलग-अलग दर्ज हो तो फिर कोई घर-खरीदार प्रोजेक्ट के बारे में सही और सटीक जानकारी कहां से हासिल करे? यदि जानकारी ही स्पष्ट न हो तो रेरा के वेब पोर्टल का घर-खरीदार को वास्तविक लाभ क्या मिला? बिक्री समझौते का मसौदा भी कई बार उपलब्ध नहीं होता, जिसे कानून के तहत अनिवार्य रूप से रेरा वेबसाइट पर अपलोड किया जाना चाहिए। यह दिखाता है कि परियोजनाओं का पंजीकरण ठीक से नहीं किया जा रहा है और शुरुआत में ही सही जांच नहीं हो रही है।

रेरा कहता है कि प्रोजेक्ट की समय सीमा बढ़ाना सिर्फ खास परिस्थितियों में होना चाहिए, लेकिन कई राज्यों में एक्सटेंशन आम बात है। एक्सटेंशन मिलने के बाद भी सभी खरीदारों को अपने-आप मुआवजा मिलना शुरू नहीं होता। आम तौर पर देरी का कोई सीधा आर्थिक असर बिल्डर पर नहीं पड़ता, लेकिन घर-खरीदार के लिए देरी बहुत ही महंगी पड़ती है। कायदे से यह बिल्डर को भी महंगी पड़नी चाहिए। आज डाटा एनालिटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का जमाना है। प्राधिकरण चाहें तो निर्माण की वास्तविक प्रगति की तुलना रिपोर्ट से कर सकते हैं, पैसों के प्रवाह को देख सकते हैं, जोखिम पहले से पहचान सकते हैं और भविष्य में उत्पन्न होने वाले किसी भी विलंब या विवाद को पहले ही पकड़ सकते हैं और समय रहते सुधारात्मक कदम उठा सकते हैं, लेकिन इस रोकथाम पर उनका ध्यान ही नहीं है जो कानून का मुख्य उद्देश्य है।

महाराष्ट्र रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (महारेरा) की वेबसाइट पर उपलब्ध एक बिक्री समझौते में लिखा है कि अगर खरीदार 15 दिनों में कब्जा नहीं लेता तो 40 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह होल्डिंग चार्ज देना होगा। 1,000 वर्ग फुट के फ्लैट पर यह 40,000 रुपये प्रति माह बनता है। कानून खरीदार को कब्जा लेने के लिए 60 दिन देता है। नियमों में भी कहा गया है कि देरी की स्थिति में मुख्यतः मेंटेनेंस चार्ज देय होगा। फिर भी ऐसे प्रविधान खुलेआम बिल्डरों द्वारा डाले जा रहे हैं। जब बिल्डर खुद देरी करता है तो खरीदार के लिए च्च्अन-होल्डिंग चार्जज्ज् जैसा कोई प्रविधान नहीं है, जबकि खरीदार को एक साथ ईएमआइ और किराया देना पड़ता है।


लगता है बिल्डर मानकर चल रहे हैं कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी। कोई कानून तभी काम करता है, जब नियम तोड़ना महंगा हो। अगर नियम तोड़ना सस्ता पड़े तो अनुशासन खत्म हो जाता है। जब नियम मानना वैकल्पिक लगे और नियम तोड़ने पर कोई खास नुकसान न हो तो कानून अपना असर खो देता है। कोई भी मजबूत कानून अगर नरमी से लागू किया जाए तो वह असरदार नहीं होता। रेरा तभी सफल होगा, जब उसके प्राधिकरण अपनी मूल जिम्मेदारी पर लौटेंगे और कानून के प्रविधानों को सख्ती से लागू करके घर-खरीदारों की रक्षा करेंगे। रेरा ऐसी सख्त और सक्रिय कार्रवाई करे, जो अनुशासन स्थापित करे और देरी वाले प्रोजेक्ट समय पर पूरे कराए। रेरा को ऐसी व्यवस्था बनानी होगी जहां शिकायत की नौबत ही न आए और तभी रेरा सफलता के नए आयाम लिख पाएगा। कानून मजबूत है। अब जरूरत है मजबूत इरादे की।

# ए.आई. के लिए 'हां', लेकिन कुछ डर भी

**पी. चिदम्बरम**

**इंटेलिजेंस (ए.आई.) आ आर्टिफिशियल चुका है। यह सच है कि ए. आई. मानवीय क्षमताओं और उत्पादकता को कई गुना बढ़ा देगा। भारत के पास मानव संसाधनों का एक विशाल और बढ़ता हुआ खजाना है (कम से कम 2050 तक)। हालांकि, इसकी गुणवत्ता विकसित देशों के मानव संसाधनों से काफी भिन्न है। एक विकसित देश में, व्यावहारिक रूप से हर कोई स्कूली शिक्षा प्राप्त है और एक बड़ा हिस्सा कॉलेज-शिक्षित है। वहां जीवन भर सीखने और नए कौशल हासिल करने का अवसर है। भारत में, 'जनसांख्यिकीय लाभांश' अपने साथ जनसांख्यिकीय बोझ भी लेकर आता है। जबकि प्राथमिक स्तर पर स्कूली नामांकन बहुत अधिक है लेकिन उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर नामांकन में हर चरण में गिरावट आती है। उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (जी.ई.आर.) 45-50 प्रतिशत के बीच है। कॉलेज में नामांकित अधिकांश छात्र ऐसी स्नातक डिग्री प्राप्त करते हैं जो उन्हें 'कुशल' या 'रोजगार योग्य' नहीं बनाती है-यही मुख्य कारण है कि युवा पुरुषों और महिलाओं के लिए उपयुक्त नौकरी खोजना एक कठिन कार्य है।**

**भविष्य और डर भी मैंने श्री डारियो अमोदेई (सी.ई.ओ., एंथ्रोपिक) के कॉपीराइट वाले 38 पत्रों के निबंध 'द एडोलेसेंस ऑफ टैक्नोलॉजी' का सारांश पढ़ा है। आर्थिक व्यवधान पर, वह कहते हैं कि ए. आई. श्रम बाजारों को 'अभूतपूर्व गति से और व्यापक व्यावसायिक श्रेणियों में बाधित कर सकता है, जिससे संभावित रूप से नौकरियों का एक बड़ा हिस्सा विस्थापित हो सकता है, विशेष रूप से निकट भविष्य में व्हाइट कॉलर काम।' यह डरावना है।**



भारत में एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि कि ए.आई. जाति को पहचानता है। यदि मनुष्यों ने ए, आई. को जाति-पूर्वाग्रह सिखाया है, तो यह और भी डरावना है। माननीय प्रधानमंत्री सही हैं कि ए.आई. भविष्य और भाग्य के द्वार खोलेगा। लेकिन यह डर भी है कि नौकरियां चली जाएंगी। माइक्रोसॉफ्ट के सी.ई.ओ. ने कहा कि व्हाइट कॉलर नौकरियों में कई कार्यों को स्वचालित किया जाएगा। कंपनी ने 2025 में हजारों नौकरियां खत्म कर दीं। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने 2025 में घोषणा की कि वह पुनर्गठन अभ्यास के हिस्से के रूप में 12,000 से अधिक कर्मचारियों को 'छोड़' देगी।भारत में वर्तमान 'आधिकारिक' बेरोजगारी दर 5. 1 प्रतिशत है लेकिन हम जानते हैं कि यह अधिक है। युवा बेरोजगारी दर 15 प्रतिशत है। लगभग 55 प्रतिशत 'नियोजित' लोग स्व-रोजगार या आकस्मिक श्रम में हैं। समृद्ध क्षेत्रों में, कृषि कार्य पहले से ही मशीनीकृत हैं। यदि शहरी ब्लू-कॉलर नौकरियां भी दुर्लभ हो जाती हैं और बेरोजगारी सूचना प्रौद्योगिकी जैसे कुशल क्षेत्रों में शिक्षित युवाओं तक फैल जाती है, तो स्थिति विस्फोटक हो जाएगी।

जहां तक मुझे पता है, भारत सहित दुनिया अभी तक समाधानों के साथ तैयार नहीं है। मुख्य आर्थिक सलाहकारने उन्नत अर्थव्यवस्थाओं (जनसांख्यिकीय गिरावट का सामना करने वाले, जहां ए.आई. एक प्लस हो सकता है) और विकासशील देशों (जहां ए.आई. राज्य की क्षमता के लिए एक स्ट्रैस टैस्ट होगा) पर ए.आई. के प्रभाव के बीच अंतर किया। स्वाभाविक रूप से, समाधान अलग होंगे। उनका समाधान यह है कि निरंतर निष्पादन भारत को पहला बड़ा समाज बनने में मदद कर सकता है... जो बड़े पैमाने पर रोजगार के साथ तकनीकी अपनाने को संरेखित करता है। काश समाधान इतना सरल होता।

कठिन उपाय : प्रौद्योगिकी को लगातार अपनाने के शुरुआती परिणाम नौकरियों में कमी के रूप में सामने आए हैं, कम से कम भारतीय कारखानों में। लेकिन जैसा कि इकोनॉमिस्ट कहता है, आविष्कार और प्रसार के बीच समय है और उन कठिन उपायों को करने के लिए भी, जो तकनीक अपनाने के प्रभाव को अवशोषित करेंगे। उदाहरण के लिए, नौकरी चाहने वालों और नौकरियों को विशाल संख्या को देखते हुए, भारत को तैयार रहना चाहिए- -यह पहचानने के लिए विकसित देशों के विपरीत, भारत को उन युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार की नौकरियां पैदा करने की आवश्यकता है, जो स्कूल के उच्च प्राथमिक, माध्यमिक या उच्चतर माध्यमिक स्तर पर पढ़ाई छोड़ सकते हैं; - गैर-विज्ञान विषयों में कई पास पाठ्यक्रमों को बंद करना और छात्रों को स्नातकोत्तर शिक्षा, एस.टी.ई.एम. या कौशल पाठ्यक्रमों की ओर मोड़ना;- शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और पर्यावरण प्रबंधन में बड़े पैमाने पर निवेश करना; - स्थानीय/क्षेत्रीय बाजार विकसित करना जो स्थानीय या क्षेत्रीय बैंकों द्वारा समर्थित गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन और उपभोग करेंगे, न कि केवल बड़े व्यवसाय, बड़े बाजार, बड़ी चेन और बड़े बैंकों के प्रति जुनूनी होना;- यह स्वीकार करना कि वर्तमान समय में,

एम.एस.एम. ई. भारत में सबसे बड़े रोजगार सृजक हैं। यदि ए. आई. एम.एस.एम.ई. को मदद कर सकता है-जैसा कि सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने वादा किया है-तो एम.एस.एम.ई. अधिक नौकरियां पैदा करने में सक्षम होंगे। सी.ई.ए. ने उल्लेख किया है कि भारत को हर साल कम से कम 80 लाख नौकरियां पैदा करने की आवश्यकता है। आवश्यक संख्या अधिक होगी; तथा - उन लोगों से अपेक्षा करना, जो ए. आई. को अपनाएंगे और जिसके परिणामस्वरूप नौकरियां खत्म करेंगे, कि वे उतनी ही संख्या में नौकरियां पैदा करें। हमें श्री जेमी डिमन (सी.ई.ओ., जे.पी. मॉर्गन चेस) से सहमत होने और ले-ऑफ (छंटनी) पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता नहीं है। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर) ने व्यवसायों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा की है, उसमें नौकरी सृजन की जिम्मेदारी भी शामिल होनी चाहिए।

डरावना भविष्य बिना नौकरी या कम नौकरियों वाली दुनिया एक डरावने भविष्य की ओर ताकेगी। काम एक इंसान को परिभाषित करता है। भोजन की तलाश के अलावा कोई अन्य जीवित प्राणी स्वेच्छा से काम नहीं करता। यदि ए.आई. हमारा सारा काम करेगा और सभी के लिए समृद्धि लाएगा, तो इंसान क्या करेंगे? जबकि अगले कुछ वर्षों के दौरान ए.आई. का प्रभाव सामने आएगा, यह इस प्रश्न पर विचार करने का समय है।

## विचार सरिता

# मन में बसे है राम 397: ''अयोध्या के भविष्य पर ग्रहण लगाते वचनों की पृष्ठभूमि क्या है?''- भरत जी

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



भरत जी ने अपने मन में उमड़-घुमड़ रहे प्रश्नों का समाधान पाने की दृष्टि से माता कैकेई से पूछाः-

''ऐसा कैसे हो सकता है माते? पिताश्री ने श्रीहरि के लोक की ओर प्रस्थान किया है। अयोध्या में इस समय भैया राम की उपस्थिति की सर्वाधिक आवश्यकता है। ऐसे समय में वे अयोध्या से बाहर क्यों हैं? क्या आप मुझसे कुछ छिपा रही हैं माते?''

रानी कैकेई कुछ क्षण मौन रहीं और फिर उन्होंने स्नेहयुक्त वाणी में कहा, ''राम, पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए ही राज्य से बाहर है। महाराज दशरथ को अपने दो वचनों का पालन कराने की स्थिति निर्मित हो गई थी। इसके पहले वचन के फलतः राम, सीता और लक्ष्मण चौदह वर्षों के वनवास पर हैं।



यह सुनकर भरतजी और शत्रुघ्न जी दोनों पर वज्रपात हुआ। अभी पिता के निधन के समाचार से वे मर्माहत और किंकर्तव्यविमूढ़ हैं और माता कैकेई ने उन्हें यह क्या विषपानतुल्य सूचना दी है?

शत्रुघ्न जी ने रोषपूर्वक कहा, ''माता! यह पहला वचन तो भयंकर शापयुक्त है, और दूसरा वचन क्या है?''

''प्रिय पुत्र, सुनो। भरत राजा बनेंगे। महाराज ने यह दूसरा वचन दिया है। और उनका वचन ही उनकी आज्ञा है पुत्रों। इसीलिए भरत को राजगृह से तत्काल अयोध्या बुलवाया गया है।''

इन दोनों अप्रिय रहस्योद्घाटनों ने भरतजी और शत्रुघ्न जी को विचलित कर दिया। दोनों भाई महाराज दशरथ की पार्थिव देह के दर्शन के लिए जाते-जाते वहीं ठहर गए।

दुःखी भरत जी ने माता कैकेई से कहा, ''अयोध्या राज्य के भविष्य को अंधकारमय बनाने वाले इन वचनों की पृष्ठभूमि क्या है? यह सब अचानक कैसे हो गया? बिना मेरी सम्मति के मुझे राजा बनाने का वचन किसने व क्यों मांगा? किस अपराध के दंड स्वरूप देवतुल्य राम भैया को वन भेजने का वचन मांगा गया?''

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामायिक चर्चा

### ट्रम्प का झूठा सच

खबर पढ़कर
बानी बोले हॅसकर -
''सुनिए गजाधर!
अमेरिका के बड़बोले
राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने
अपने स्टेट आफ द
यूनियन सम्बोधन में
एक बार फिर दोहराया कि
उनके हस्तक्षेप के कारण
भारत और पाकिस्तान के बीच
संभावित परमाणु युद्ध रूक गया,
जिससे साढ़े तीन करोड़ लोगों की
जानें बचाई जा सकी हैं।
गजाधर। एक झूठा को
ट्रम्प बार-बार क्यों कहते हैं।
इसमें उनकी क्या मंशा रही हैं।
गजाधर मुस्कराए, बोले -
''बानी! हम यह जानते है
कि ट्रम्प इस बात को मानते है
तभी तो उनका मन, धूम फिर कर
उसी एक बात पर आता है
कि एक झूठ को
बार-बार बोलने पर
वह सच हो जाता है।''
गुरूवार 25 फरवरी 2026



गिरीश बख्शी

## कविता

### साहित्यिक धरा राजनांदगांव

जिंहा धर्म नगरी डोंगरगढ़,
अउ कला नगरी डोंगरगांव हे।
गर्व हे कि मैं वो जिला के,
निवासी अंव,जेला कथे,
संस्कारधानी राजनांदगांव हे द्य।
जिंहा बैरागी राजा राज रिहिस,
दानशीलता में सबों झन ताज रिहिस
कला ,संगीत प्रेमी हिमाचल दास रिहिस,
नागपुर दरबार में करइया उजासरिहिस।
इंहा कला, साहित्य ठांव- ठांव हे।।
जेला कथे संस्कार 0000
दिग्विजय कॉलेज इंहा के शान हवे,
पढ़इया शिक्षक मन जिंहा केमहान हवे।
बख्शी, मुक्तिबोध म, होइस हजारों शोध,
इंखर ले राजनांदगांव के पहचान हवे।
बख्शी बर 'क्या लिखूं'

छत्तीसगढ़ के आत्मा 'कारी' रिहिस
दकियानूसी प्रथा के वो मारी रिहिस,
उजागर करिस, रामचंद्र देशमुख ह,
बदलिस जनता के पुराना रुख ह।
नारी मन बर अब गरिमायुक्त भाव हे।।
जेला कथे संस्कार 00000
बल्देव प्रसाद मिश्र के ये जन्मधाम हरे
साकेत संत रचइया ल प्रणाम हवे द्य
विनोद शुक्ल जी ल ज्ञानपीठ मिलिस,
नौकर के कमीज , लगभग जयहिंद
के नाम हवे।, कुंज बिहारी रिहिस
ये माटी के बेटा
यूनियन जैक ल जे निकाल फेकाव हे।।
जेला कथे संस्कार 0000

मंदराजी दाऊ के नाचा के जोर
कला ,संगीत के बगरिस सोर,
शरद जी लिखिस अउ दिग्गी मर गया
सरोज द्विवेदी के बिगरिस दया-मया।
मंच संचालन में चोटियां जी बड़े नाम
रिहिस,लाल किला ले गूंजे,
नंदग्राम रिहिस रमेश याज्ञिक ,कन्नौजे
गणेश खरें। इंहा के साहित्य मूर्धन्य हरे।
उंखर संस्कार के सुघ्घर चलागन हे
सुघ्घर संस्कारी लोग-बागन हे।
पूजे जाथे जिकर
नित पांव हे।
जेला कथे संस्कारधानी
राजनांदगांव हे।।



**पवन यादव 'पहुना'**
**ग्राम -सुंदरा (राजनांदगांव)**

## शब्द सामर्थ्य -328

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 327 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | टट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| स्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |




## राशिफल

**मेष** — आज मेष राशि वालों की अडैप्टेबिलिटी ही उनकी सबसे बड़ी पावर साबित होगी। काम के सिलसिले में बाहर जाने की संभावना है, लेकिन डिजिटल लेनदेन संबंधी बातों में सावधानी बरतें। आज आपकी ऊर्जा का स्तर बहुत ऊंचा रहेगा, लेकिन उसे सही दिशा देना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

**वृष राशि** — वृषभ राशि वालों के लिए आज का दिन अपनी आमदनी को बढ़ाने और बचत के नए रास्ते खोजने के लिए बहुत अच्छा है। अपनी व्यापारिक रिपोर्ट को सुधारने और पुराने रुके हुए कामों को पूरा करने पर ध्यान दें। पुरानी कड़ियों को जोड़ने से ही आज आपको बड़ी सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में आज आपको अपनी दूरदर्शिता का इस्तेमाल करना होगा।

**मिथुन** — मिथुन राशि वालों के लिए चंद्रमा का आपकी राशि में होना मैजिक और मेंटल अलर्टनेस को बढ़ाएगा। आपके आइडियाज आपको प्रॉब्लम्स के कई सॉल्यूशंस देने में मदद करेंगे । पर्सनल काम और छोटी मीटिंग्स के लिए शॉर्ट-डिस्टेंस मूवमेंट बनी रहेगी, लेकिन भाग्य स्थान में पाँच ग्रहों का एक साथ होना ट्रैवल में देरी या लीगल रुकावटें पैदा कर सकता है।

**कर्क** — कर्क राशि वालों के लिए आज उनकी इंट्यूशन बहुत स्ट्रॉन्ग रहेगी, जो उन्हें अनकही बातों को समझाने में मदद करेगी। आज का दिन रिसर्च और पुराने इमोशनल बोझ को कम करने में सहायक रहेगा । करियर में एक साइलेंट स्ट्रैटेजिस्ट की तरह काम करें और अपने डेटा को रिफाइन करने पर जोर दें।

**सिंह** — सिंह राशि वालों के लिए आज का दिन सोशल नेटवर्किंग के जरिए भविष्य के रास्ते खोलने का है। आपके पास दोस्तों और बिजनेस कॉन्टैक्ट्स को लेकर आइडियाज उभरेंगे, जो पुराने प्रपोजल्स को बेहतर शर्तों के साथ वापस ला सकते हैं। सातवें घर का ग्रहों का स्टेलियम पार्टनरशिप में ईगो क्लैश पैदा कर सकता है।

**कन्या** — कन्या राशि वालों की एनालिटिकल पावर आज पुरानी गलतियों को पकड़ने में मदद करेगी। करियर में ग्रोथ मिलने की संभावना है, जिससे आप रुके हुए प्रोजेक्ट्स को फिर से शुरू करने की प्लानिंग करेंगे। आज किसी नए काम को शुरू करने के बजाए अपने मौजूदा ड्राफ्ट और रिपोर्ट्स को रिफाइन करने पर ध्यान दें।

**तुला** — तुला राशि वालों के लिए ग्रह पुरानी गलतियों को शालीनता से सुलझाने की हिम्मत देते हैं। रचनात्मक कार्यों के लिए आपके मन में नए और बेहतरीन विचार आएंगे। यात्रा करने और कुछ नया सीखने के लिए समय बहुत अच्छा है, आपको बाहर जाने के कई मौके मिलेंगे। अपनी बात को स्पष्ट रखने की कोशिश करें।

**वृश्चिक** — वृश्चिक राशि वालों का इन्वेस्टिगेटिव नेचर आज काफी तेज रहेगा, जिससे वे मुश्किल आर्थिक मामलों की तह तक पहुंच पाएंगे। चौथे घर का प्लैनेटरी स्टेलियम घर के अप्लायंसेज में खराबी या इंटरनेट प्रॉब्लम दे सकता है। करियर में आज परदे के पीछे रहकर काम करना और अपने फ्यूचर प्लान्स को रिफाइन करना ही सबसे बेहतर स्ट्रेटेजी होगी।

**धनु** — धनु राशि वालों के लिए दूसरों की जरूरतों को समझना आज उनकी सबसे बड़ी ताकत होगी। किसी पुराने बिजनेस पार्टनर से जुड़ने के लिए आपके पास आइडियाज की बहुतायत रहेगी। बिजनेस मीटिंग्स के लिए मजबूत योग हैं। करियर में नई शुरुआत के बजाए अपने पुराने प्रोसेस को रिफाइन करें और रुके हुए पेमेंट्स का फॉलो-अप लें।

**मकर** — मकर राशि वालों की एनालिटिकल एबिलिटी आज उन्हें वर्कप्लेस पर पहचान दिलाएगी। इकोनॉमिक मैनेजमेंट और पुराने बकाए की रिकवरी के लिए आपके पास बहुत सारे आइडियाज रहेंगे। बैंक या प्रॉपर्टी से जुड़े कामों के लिए थोड़ा बाहर जाने की संभावना है, लेकिन धन भाव में बना ग्रहों का समूह डिजिटल वॉलेट में गड़बड़ कर सकता है।

**कुंभ** — कुंभ राशि वालों के लिए आज का दिन काफी मजाकिया और आकर्षक रहने वाला है। पर्सनल प्रोजेक्ट्स और पुराने शौक लेकर आपके पास आइडियाज की कमी नहीं होगी। एंटरटेनमेंट या क्रिएटिव काम के लिए आप कहीं बाहर जा सकते हैं, लेकिन आपकी अपनी राशि में पंच ग्रहों का सम्मिलन मेंटल कन्फ्यूजन और बेचैनी पैदा कर सकता है।

**मीन** — मीन राशि वालों के लिए आज परिवार के पुराने मसले सुलझाने का दिन है। घर की शांति और सुख-सुविधाओं को लेकर आपके मन में आइडियाज का तूफान उमड़ेगा। रियल एस्टेट या प्रॉपर्टी के काम के लिए छोटी यात्रा की संभावना है, लेकिन बारहवें घर का ग्रहों का समूह नींद में प्रॉब्लम या एंग्जायटी दे सकता है।

# कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने ली केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक



खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में 25 फरवरी को विद्यालय प्रबंधन समिति की सत्र की दूसरी बैठक का आयोजन किया गया। जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में इस बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार ने कार्य सूची के विभिन्न बिंदुओं को प्रस्तुत किया तथा समिति ने उनका अनुमोदन किया। इस दौरान कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विद्यालय की शैक्षिक तथा अन्य उपलब्धियों समेत विभिन्न कार्यों की समीक्षा की और इस संबंध में अनेक निर्देश भी दिए। समिति के अन्य सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के श्रेष्ठ प्रदर्शन समेत विद्यार्थियों की सुविधाओं और अन्य सभी आवश्यक अधोसंरचनाओं के निर्माण और उपलब्ध सुविधाओं के विकास हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार द्वारा विद्यालय में जल की आपूर्ति बढ़वाने और पर्याप्त पेयजल व्यवस्था के निवेदन पर हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने वैकल्पिक जल आपूर्ति की व्यवस्था के संबंध में भी मार्गदर्शन करते हुए निर्देश दिया।

प्रबंधन समिति बैठक में विद्यालय की मांग पर मैदान के चारों ओर रोड के निर्माण के संबंध में सार्थक चर्चा हुई। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने बैठक में उपस्थित लोक निर्माण विभाग से उपस्थित पदाधिकारी को रोड निर्माण के संबंध में आवश्यक प्रयत्न करने के निर्देश भी दिए।मैदान के मध्य के बिजली के तारों को हटवाने के संबंध में उन्होंने विद्यालय के प्रयास में अपनी ओर से समयानुकूल हर संभव योगदान की बात कही। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों की सराहना करते हुए बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए आवश्यकतानुसार प्रभावी उपचारात्मक शिक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने अन्य प्रस्तावित व आगामी कार्यों के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए पूर्णता पर बल दिया। उन्होंने विभिन्न कार्यों के लिए विद्यालय द्वारा किए जा रहे सार्थक प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।

प्रारंभ में कलेक्टर श्री इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण कर और उनके समक्ष दीप प्रज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया। संगीत शिक्षक डॉ. मुकुंद सिंह ठाकुर ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के साथ-साथ अन्य सदस्यों में इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के सहायक प्राध्यापक डॉ. दिवाकर कश्यप, डॉ. रविनारायण गुप्ता, डॉ. जगदेव नेताम, लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी रामकुमार जायसवाल, समिति के सदस्य सचिव एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंजय कुमार, अभिभावक सदस्य विजय कुमार सोनी और श्रीमती कौशिल्या वर्मा तथा अध्यापक प्रतिनिधि संदेश रविंद्र निनावे शामिल रहे। बैठक के उद्घाटन सत्र का संचालन अध्यापक डॉ. योगेंद्र पांडेय ने किया। समापन अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक संदेश रविंद्र निनावे ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

# विधायक भोलाराम साहू के अथक प्रयासों से खुज्जी विधानसभा में करोड़ों के विकास कार्य स्वीकृत



राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा क्षेत्र 77 खुज्जी के विधायक भोलाराम साहू के सतत प्रयासों से बजट वर्ष 2026-27 में क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये के निर्माण एवं विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। शिक्षा, सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई, जलाशय जीर्णोद्धार एवं बैराज परियोजनाओं सहित विभिन्न आधारभूत संरचनाओं के लिए व्यापक राशि स्वीकृत होने से क्षेत्र में विकास की नई गति आने की उम्मीद है। शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात-पाण्डुका, बैरागीभेड़ी, सिगरायटोला, मांझीटोला एवं नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी में नवीन शासकीय प्राथमिक शाला भवन निर्माण हेतु लगभग 11.48 लाख रुपये प्रति भवन स्वीकृत किए गए हैं। वहीं भड़सेना में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के हायरसेकेंडरी भवन निर्माण हेतु 121.16 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। सड़क एवं पुल निर्माण से बेहतर होगा आवागमन-क्षेत्र में दर्जनों सड़कों के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य स्वीकृत हुए हैं। प्रमुख रूप से गुण्डरदेही-उमरवाही-मटिया-करमरी मार्ग (26.50 किमी) हेतु 1040 लाख रुपये गैंदाटोला-छुरिया-खोभा मार्ग (21 किमी) हेतु 1400 लाख रुपये अरसीटोला से गैदाटोला मार्ग (16 किमी) हेतु 673.55 लाख रुपये कौड़ूटोला-सोनसायटोला-केकतीटोला-भर्रीटोला मार्ग (9 किमी) हेतु 730 लाख रुपये इसके अतिरिक्त अनेक ग्रामों में उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य स्वीकृत हुए हैं। जिनमें मगरधोखरा-झिथराटोला (585 लाख), साल्हे-चांदो शिवनाथ नदी पर पुल (840 लाख), कुसुमकसा मार्ग (294 लाख) सहित कई अन्य पुल शामिल हैं। इन कार्यों से ग्रामीण अंचलों में वर्षभर सुगम आवागमन संभव होगा।

सिंचाई एवं जल संसाधन परियोजनाओं को बढ़ावा कृषि प्रधान क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए सिंचाई परियोजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। घुमरियानाला बैराज सूक्ष्म सिंचाई योजना हेतु 3 करोड़ रुपये बहोरनभेड़ी एनीकट योजना हेतु 796.36 लाख रुपये चोरहाबंजारी एनीकट हेतु 176.54 लाख रुपये विभिन्न जलाशयों जैसे घोटिया, कोलियारी, आयबांधा, पिनकापार आदि के जीर्णोद्धार एवं नहर लाइनिंग कार्य स्वीकृत मोंगरा बैराज परियोजना को बड़ी सौगात मोंगरा बैराज परियोजना अंतर्गत बायीं एवं दायीं तट नहरों के निर्माण, सीसी लाइनिंग, टनल मरम्मत, शाखा नहर निर्माण, जल संवर्धन, निरीक्षण गृह निर्माण एवं गेट मरम्मत सहित अनेक कार्यों के लिए सैकड़ों करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है।

## पहला कॉलम...

### वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट आम आदमी के उत्तरोत्तर विकास के लिए होगा सहायक - तरुण हथेल सांसद प्रतिनिधि



डोंगरगढ़ (दावा)।सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए इसे आम आदमी का बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य के समावेशी विकास और हर वर्ग की भलाई के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण विकास, कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा पर दिए गए बजट प्रावधानों की सराहना की। तरुण हथेल ने कहा कि यह बजट न केवल वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करता है बल्कि भविष्य के लिए भी एक मजबूत नींव रखता है।छत्तीसगढ़ सरकार के इस बजट में सामाजिक सुरक्षा, किसानों की मदद, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती और महंगाई भत्ते में वृद्धि जैसे कदमों से आम जनता को राहत मिली है।

### होली पर्व पर 4 मार्च को शुष्क दिवस घोषित

मोहला (दावा)। शासन द्वारा होली पर्व 4 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने उक्त शुष्क दिवस पर जिले की समस्त देशी मदिरा (सी.एस.-2 घघ), कम्पोजिट मदिरा (सी.एस.-2 घघ), विदेशी मदिरा (एफ.एल.-1 घघ एवं एफ.एल.-3 होटल बार) दुकानों, भांग दुकान तथा भण्डारण भाण्डागार पूर्ण रूप से बंद रखने हेतु आदेश जारी किया है। उक्त दिवस में मदिरा, मादक पदार्थ विक्रय/परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### राजपूत क्षत्रिय महासभा का स्थापना दिवस मना



डोंगरगांव (दावा)। नगर के महाराणा प्रताप भवन में डोंगरगांव राजपूत क्षत्रिय समाज उपसमिति के द्वारा राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह का स्थापना दिवस गुरुवार 26 फरवरी को मनाया गया. समाज के वरिष्ठजनों से मिली जानकारी के अनुसार 26 फरवरी को राजपूत क्षत्रीय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादाह संगठित तौर पर एक पहचान मिली। इसी शुभ दिन को महासभा के वर्तमान कार्यकाल के प्रथम संयुक्त बैठक विगत 25 मई 2025 को महासभा के अध्यक्ष ठाकुर बजरंगसिंह बैंस की अध्यक्षता में संकल्प और निर्णय पारित किया गया। जिसमें प्रतिवर्षानुसार 26 फरवरी को महासभा उपसमिति स्तर पर स्थापना दिवस मनाया जाने पर सहमति बनी और इसी तारतम्य में गुरुवार को राजपूत क्षत्रिय महासभा का स्थापना दिवस मनाया गया। वहीं इस अवसर पर समाज से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी 28-29 मार्च को राजपूत क्षत्रिय महासभा का भव्य आयोजन किया जाना है। इस आयोजन को लेकर तैयारियां और विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए चर्चा की गई। स्थापना दिवस पर राजपूत क्षत्रिय समाज की महिलाएं एवं पदाधिकारी सदस्यगण सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### टीकम साहू बने भाजपा किसान मोर्चा छुरिया मंडल के अध्यक्ष



छुरिया(दावा)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन तथा प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार भाजपा जिला राजनांदगांव जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दादू राम सोनकर ने जिले के 16 मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों की घोषणा की है। इसी क्रम में भाजपा किसान मोर्चा छुरिया मंडल के अध्यक्ष पद पर श्री टीकम साहू को नियुक्त किया गया है। वहीं मंडल महामंत्री के रूप में प्रीतम साहू एवं केदार यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नव नियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत करने, किसानों के हितों की आवाज बुलंद करने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की अपेक्षा की गई है। कार्यकर्ताओं ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# युवा कल्याण को समर्पित, दूरदर्शी व विकासोन्मुख बजट - दिलीप वर्मा



मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने इसे युवा, शिक्षा, नवाचार और रोजगार सृजन को समर्पित ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट राज्य को शिक्षा एवं कौशल विकास का केंद्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि युवा कल्याण पर केंद्रित प्रावधान यह दर्शाते हैं कि प्रदेश सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर कितनी गंभीर और प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालयों, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, नवाचार केंद्रों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, परीक्षा केंद्रों तथा आधुनिक शैक्षणिक अधोसंरचना के लिए किए गए प्रावधान युवाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे। उन्होंने कहा कि विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट शिक्षा, तकनीक, स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने वाला है। जिससे छत्तीसगढ़ का युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करेगा। वहीं उन्होंने नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में इस बजट को एक सशक्त कदम बताया।

दिलीप वर्मा ने कहा कि युवाओं के लिए विश्वविद्यालयों को अनुदान, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों के अधोसंरचना विकास, नवाचार केंद्रों की स्थापना, प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु सहायता, परीक्षा केंद्रों का विस्तार तथा मुख्यमंत्री शिक्षा सहयोग जैसी योजनाएं यह सिद्ध करती हैं कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के युवाओं को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त विभाग एवं संपूर्ण मंत्रिपरिषद को इस जनहितैषी, युवा-हितैषी एवं विकासोन्मुख बजट के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट छत्तीसगढ़ को शिक्षा, रोजगार और नवाचार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण योजना बैठक का आयोजन 26 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने की। प्रमुख मार्गदर्शन सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी द्वारा प्रदान किया गया। विभिन्न सत्रों में संजीव शाह (पूर्व विधायक), श्रीमती नम्रता सिंह (जिला पंचायत अध्यक्ष), श्रीमती संगीता मिश्रा (महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष), अरुण यादव (किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष), मंच का संचालन राजू टांडिया एवं जिला महामंत्री नरसिंह भंडारी सहित अन्य वक्ताओं ने संगठनात्मक दायित्व, पंचनिष्ठा, कार्यकर्ता विकास, गरीब-कल्याण योजनाओं एवं सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण बैठक संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक स्पष्टता एवं कार्यकर्ता सशक्तिकरण की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा गैंदाटोला मंडल के अध्यक्ष बने मो. वशीम कुरैशी

छुरिया (दावा)। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा में संगठन विस्तार के तहत गैंदाटोला मंडल में नई नियुक्तियां की गई हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति तथा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मखमुर इकबाल खान के निर्देशानुसार, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा पर अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष हैरी जोसेफ ने मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित की।नवगठित गैंदाटोला मंडल में मोहम्मद वशीम कुरैशी को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं कशफ कुरैशी एवं शादाब कुरैशी को मंडल महामंत्री नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार, वशीम कुरैशी पूर्व में अल्पसंख्यक मोर्चा छुरिया मंडल के महामंत्री रह चुके हैं। संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका, अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि, गैंदाटोला हाल ही में गठित नया मंडल है। ऐसे में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना तथा बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना नई टीम की प्राथमिकता होगी।

जिलाध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम के नेतृत्व में मंडल में संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। साथ ही नव-नियुक्त अध्यक्ष को शीघ्र ही पूर्ण कार्यकारिणी की सूची जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

नव-नियुक्त मंडल अध्यक्ष मोहम्मद वशीम कुरैशी ने नियुक्ति पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, वे संगठन के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए मंडल को सशक्त और सक्रिय बनाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने गैंदाटोला भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा।

# कमकापार से गूंजा स्वच्छता और जल संरक्षण का शंखनाद, कलेक्टर ने स्वयं किया श्रमदान



बालोद/ डौण्डीलोहारा (दावा)। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कमकापार में बुधवार को स्वच्छता और जल प्रबंधन का एक अनूठा संगम देखने को मिला। कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने जनसमस्या निवारण शिविर से पूर्व ग्राम के प्रवेश द्वार पर स्थित प्रसिद्ध मंगतुबाबा मंदिर में माथा टेका और वहीं से स्वच्छता अभियान की औपचारिक शुरुआत की। विशेष बात यह रही कि कलेक्टर सहित पूरे प्रशासनिक अमले ने मंदिर परिसर में झाड़ू थामकर स्वयं श्रमदान किया और ग्रामीणों को सफाई के प्रति जागरूक किया।

अधिकारियों का दल जब बस से गांव पहुंचा, तो स्वच्छता दीदियों और ग्रामीणों ने पारंपरिक आत्मीयता से उनका स्वागत किया। पूरा गांव पानी बचाओ-जीवन बचाओ और जल है तो कल है जैसे नारों से गुंजायमान हो उठा। ग्रामीणों के उत्साह को देखते हुए कलेक्टर ने उनकी मांग पर मंदिर परिसर में हाईमास्ट लाइट लगाने का तत्काल आश्वासन दिया, जिससे रात्रि में सुरक्षा और सुविधा बढ़ सकेगी।

**मंगतुबाबा मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ अभियान का आगाज, सोख्ता गड्ढों का निरीक्षण कर ग्रामीणों को सराहा**

### नीर चेतना अभियान : घर-घर पहुंचे अधिकारी

कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने गांव में नीर चेतना अभियान के अंतर्गत बनाए गए सोख्ता गड्ढों का घर-घर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने वर्षा जल संरक्षण की दिशा में ग्रामीणों के निजी प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि जल संरक्षण केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन है। यदि हर परिवार पानी बचाने का संकल्प ले, तो हम भविष्य की बड़ी जल समस्या को हल कर सकते हैं।

इस अभियान के दौरान जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती मधुहर्ष, एसडीएम शिवनाथ बघेल सहित ग्राम पंचायत सरपंच, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रशासन ने कमकापार के मॉडल को अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

## खैरागढ़ पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास की बदहाली, छात्रों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर लगाई गुहार



खैरागढ़ (दावा)। पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास के छात्र आज अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। छात्रों ने छात्रावास की व्यवस्थाओं को बदहाल बताते हुए प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। छात्रों ने बताया कि वे और उनके साथी लंबे समय से गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। छात्रों का आरोप है कि जब भी वे अपनी परेशानियों को छात्रावास अधीक्षक के सामने रखते हैं तो उन्हें केवल आश्वासन दिया जाता है। जबकि जमीनी स्तर पर कोई समाधान नहीं होता। छात्रों ने बताया कि हाल ही में बोर खराब हो जाने के कारण उन्हें पूरे दिन पानी के लिए भटकना पड़ा। इसके अलावा पाइपलाइन टूटने जैसी समस्याओं और अन्य मेंटेनेंस कार्यों को भी छात्र खुद ही करने को मजबूर हैं।

छात्रों का यह भी कहना है कि अधीक्षक महीने में केवल एक-दो बार ही छात्रावास आते हैं और वह भी महज 10 से 30 मिनट रुककर कागजी कार्य निपटाकर चले जाते हैं। छात्रों के अनुसार अधीक्षक न तो उनका हाल-चाल पूछते हैं और न ही समस्याओं को गंभीरता से लेते हैं। पूछने पर कलेक्टर कार्यालय में व्यस्त रहने का हवाला दे दिया जाता है। वर्तमान में छात्रावास का संचालन रसोइए और नाइट ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के भरोसे ही चल रहा है। छात्रों ने प्रशासन से मांग की है,कि छात्रावास की व्यवस्थाओं में शीघ्र सुधार किया जाए। नियमित निरीक्षण सुनिश्चित हो और जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति तय की जाए। ताकि छात्रों को बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े।

# रंगों का पर्व होली होगा महिला समूह के हर्बल गुलाल से सराबोर, महिलाएं होगी आर्थिक रूप से सशक्त



मोहला (दावा)। रंगों का पर्व होली उल्लास, उमंग और भाईचारे का प्रतीक है, लेकिन बदलते समय के साथ लोग अब सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों की ओर भी आगे बढ़ रहे हैं। रासायनिक रंगों से त्वचा और पर्यावरण को होने वाले नुकसान के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के मोहला ब्लॉक की महिलाएं हर्बल गुलाल के साथ एक अच्छी पहल कर रही हैं। रोशनी महिला ग्राम संगठन की महिलाएं पलाश, गुलाब, गेंदा, हल्दी, चुकंदर और पालक जैसी प्राकृतिक सामग्री से रसायन मुक्त और पर्यावरण अनुकूल गुलाल का तैयार कर रही हैं। उनकी यह पहल न केवल स्वास्थ्य के प्रति सजगता का संदेश दे रही है, बल्कि महिला सशक्तिकरण, स्थानीय रोजगार और आत्मनिर्भरता की सशक्त मिसाल भी बन रही है। जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भारती चंद्राकर के मार्गदर्शन में महिला ग्राम संगठन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में हर्बल गुलाल बनाने का कार्य कर रही हैं। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति सुरक्षित होली के साथ ही समूह की आय में वृद्धि है। रोशनी महिला ग्राम संगठन की 30 महिलाएं मिलकर पलाश, चुकंदर,हल्दी,गुलाब, गेंदा, पालक की हरी पत्तियां जैसे रंग-बिरंगे प्राकृतिक फूलों और पत्तियों का उपयोग करती हैं। इन फूलों को सुखाकर और फिर उनकी प्रोसेसिंग करके गुलाल बनाया जाता है। यह पहल स्थानीय स्तर पर महिलाओं को रोजगार प्रदान कर रही है। इसके साथ ही वनोपज और कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन हो रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। वही प्राकृतिक और सुरक्षित रंगों के उपयोग को भी बढ़ावा मिल रहा है। रोशनी महिला ग्राम संगठन की सदस्य श्रीमती सबाना खान ने बताया कि मोहला में तैयार किया जा रहा हर्बल गुलाल जिले में अपनी गुणवत्ता और प्राकृतिक रंगों के कारण लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने बताया की यह कार्य विगत तीन वर्षों से करते आ रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें विभिन्न जिलों से इसकी मांग प्राप्त हो रही है। जिससे संगठन की महिलाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है। उन्होंने नें बताया कि पिछले वर्ष उनके संगठन द्वारा 200 किलो हर्बल गुलाल बनाया गया था। जिसका विक्रय कर संगठन को एक लाख बीस हजार का मुनाफा प्राप्त हुआ था। यही कारण है इस वर्ष 300 किलो हर्बल गुलाल बना कर विक्रय करने का लक्ष्य रखा गया हैं। प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर तैयार किया जा रहा हर्बल गुलाल न केवल स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है, बल्कि महिलाओं की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम भी बना है।

**गत वर्ष 1 लाख 20 हजार रुपए से अधिक का बेचे थे गुलाल, इस वर्ष 300 किलो गुलाल बेचने का लक्ष्य**

## ग्राम खुज्जी में स्कूली बच्चों का आधार एमबीयू आधार बायोमैट्रिक अपडेट शिविर



खुज्जी (दावा)। ग्राम खुज्जी में आयोजित आधार एमबीयू (मोबाइल बायोमेट्रिक यूनिट) शिविर के अंतर्गत 26 फरवरी को विशेष रूप से स्कूली बच्चों के आधार अपडेट किए गए। यह शिविर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के निर्देशन में आयोजित किया गया।

शिविर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बायोमेट्रिक विवरण (फिंगरप्रिंट एवं आईरिस), फोटो तथा आवश्यक जनसांख्यिकीय जानकारी को अद्यतन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि 5 वर्ष एवं 15 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट कराना आवश्यक होता है, ताकि आधार की जानकारी सटीक एवं प्रमाणिक बनी रहे। विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों के सहयोग से बड़ी संख्या में बच्चों ने शिविर का लाभ उठाया। इस पहल से विद्यार्थियों को भविष्य में छात्रवृत्ति, परीक्षा पंजीकरण एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी। ग्रामवासियों एवं विद्यालय स्टाफ ने इस उपयोगी शिविर के आयोजन पर संतोष व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की अपेक्षा की। इस शिविर में मुख्य ऑपरेटर ललित कुमार साहू (लोक सेवा केन्द्र डोंगरगांव एवं रोशन कुमार (पुराना तहसील भवन डोंगर गांव के द्वारा किया गया। शिविर में कुल अपडेट संख्या 110 बच्चों का अपडेट किया गया।

# खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के प्रयासों से करोड़ों का कार्य बजट में शामिल

खैरागढ़ (दावा)। करोड़ों के विकास कार्य बजट में शामिल।। खैरागढ़ छुईखदान-गंडई जिले के विधानसभा क्षेत्र के सिंचाई सुविधा बढ़ाने, पुल पुलिया व पहुँच मार्ग निर्माण विकास हेतु विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के प्रयासों से करोड़ों की कार्य को बजट में प्रावधान किया गया है।

जैसे सिचाई सुविधा के लिए आमनेर नदी में मूतेडा रपटा कम स्टाप डेम निर्माण हेतु 8.65 करोड़, चिंगली डायवर्सन योजना की जीर्णोद्धार व नहरों का रिमाण्डलीन कार्य हेतु 4.69 करोड़, जिराटोला जलाशय की जीर्णोद्धार व नहर कार्य हेतु 2.78 करोड़, डूडा डायवर्सन शीर्ष कार्य जीर्णोद्धार हेतु 16.46 करोड़, सेतवा जलाशय की शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार व नहर लाइनिंग कार्य हेतु 8.17 करोड़, सिंगारपुर व्यपवर्तन शीर्ष कार्य की जीर्णोद्धार हेतु 3.09 करोड़ तथा लोक निर्माण विभाग में गंडई से धमधा मार्ग पर दनिया के पास, पैलीमेटा खैरानवापारा बेन्द्री मार्ग पर स्थित सुरही नदी जलाशय के पास, पंडरीपानी-समुदपानी मार्ग पर मगुरदा नाला पर, चोभर-बगार झोला झिलमिली मार्ग पर मगुरदा नाला में उच्चस्तरीय पुल पुलिया निर्माण हेतु 7.60 करोड़, इसके अलावा 2025-26 में सम्मलित बजट पुल पुलिया जैसे बघमर्रा से करमतरा, धनगांव से गोदरी, खैरागढ़ से आकरजन, मानपुर पहाड़ी से मोहगॉव, जालबांधा से खैरागढ़ मार्ग में कुल्ही नदी पर छुईखदान से गंडई मार्ग में घिरघोली के पास, गंडई से कृतबांस, लिमो से दुल्लापुर में एक-एक करोड़ की अतिरिक्त प्रावधान रखा है, शहरी क्षेत्र खैरागढ़ में 3 कि. मी व गंडई शहर में 3 कि. मी. के लिए 5 करोड़, कुकुरमुडा से सिंघोरी मार्ग हेतु 4.20करोड़, खैरागढ़ से डोंगरगढ़ मार्ग में बी टी रिनिवल हेतु 5.40करोड़ खैरागढ़ से लांजी रोड मजबूती करण हेतु 6.30 करोड़, बिरुटोला से गड़बंजा पहुँच मार्ग 5.5 कि. मी. पुलिया सहित 8.10 करोड़,खैरागढ़ बाईपास रोड हेतु 1.50करोड़, गभरा से मेंन रोड तक, तेंदुभाठा से जोम ओटेबन्द तक बिरुटोला से कुलीकसा लगभग 4.50कि. मी.पुल पुलिया सहित 8.80 करोड़, उदयपुर से खैरी पहुँच मार्ग, बेन्द्री से भरदा मार्ग पुल पुलिया सहित, कुकूरमुडा मार्ग लंबाई लगभग 3.5 की.मी. हेतु 5.60 करोड़, 2025-26 के बजट में सम्मिलित सड़क जैसे कामठा से हरदी, भीमपुरी से बोराई, छुईखदान से बकरकट्टा मार्ग, बाँधाटोला से कोहका झोरी , धनेली से देवारीभाट से बढ़ाई टोला तक पहुँच मार्ग, गंडई पंडरिया से दौजरी मार्ग, देवपुरा से भीमपुरी बेन्द्री पुल पुलिया सहित, काशीतोला से ढाप मार्ग हेतु 50-50 लाख की अतिरिक्त प्रावधान किया है। छुईखदान से उदयपुर बुंदेली मार्ग उन्नयन व पुनर्निर्माण लगभग 27 कि. मी. हेतु 12285 लाख ,इसके अलावा खैरागढ़ में 500 सीटर मल्टीपर्पस हाल निर्माण हेतु 4 करोड़, गंडई रेस्ट हाउस में अतिरिक्त कमरा हेतु 1 करोड़, सल्हेवारा रेस्ट हाउस निर्माण 1.20 करोड़, छुईखदान रेस्ट हाउस में 3 अतिरिक्त कमरा हेतु 1 करोड़, छुईखदान में 2 नग एच टाइप 2 नग एफ टाइप आवासीय भवन निर्माण हेतु 1.5करोड़, खैरागढ़ सर्किट हाउस निर्माण हेतु 4 करोड़, छुईखदान उप पंजीयक भवन हेतु 80 लाख, शा.उ.मा.शाला चंदैनी हेतु अतिरिक्त राशि 60 हजार, पालीटेक्निक कन्या छात्रावास भवन में 3 अतिरिक्त क्लास रूम हेतु 50 लाख रु की बजट में सम्मिलित हुए ।। बजट में प्रावधान रखने के लिये विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, लोक निर्माण मंत्री अरुण साव, सिंचाई मंत्री केदार कश्यप के प्रति आभार प्रकट की है।



# स्थानीय उद्योगों में धरतीपुत्रों को मिले प्राथमिकता दल्लीराजहरा के युवाओं ने भरी हुंकार





**ग्रेविटी टेक्सम कंपनी को सौंपा ज्ञापन, चेतावनी जल्द भर्ती नहीं की तो होगा उग्र आंदोलन**

दल्लीराजहरा (दावा)। क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी को लेकर युवाओं का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। दल्लीराजहरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं ने ग्रेविटी टेक्सम प्रा.लि. कोण्डेकसा दल्लीराजहरा के मुख्य प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग की है। ज्ञापन में युवाओं ने कहा कि कंपनी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निर्माण और अन्य कार्य कर रही है, लेकिन रोजगार के अवसरों में स्थानीय लोगों को पर्याप्त महत्व नहीं मिल रहा है।

विशाल मोटवानी ने कहा, 'जब हमारी जमीन और हमारा क्षेत्र है तो रोजगार में भी पहला हक हमारा होना चाहिए। बाहर से लोगों को लाकर हमें नजरअंदाज करना ठीक नहीं है।'

रूबी इंथोनी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हम पढ़े-लिखे होकर भी बेरोजगार घूम रहे हैं। अगर स्थानीय उद्योग ही हमें मौका नहीं देंगे तो हम कहां जाएंगे?' युवाओं ने यह भी मांग रखी कि निर्माण कार्य में लगे स्थानीय श्रमिकों को नियमित कर्मचारी के रूप में भर्ती किया जाए और भविष्य की भर्तियों में क्षेत्रीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाए। युवाओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी। फिलहाल क्षेत्र में इस मुद्दे को लेकर माहौल गरमाता नजर आ रहा है और आने वाले दिनों में स्थिति और तेज हो सकती है।

# ग्राम मनकी में जी-राम-जी योजना का हुआ व्यापक प्रचार-प्रसार

राजनांदगांव (दावा)। निकटस्थ ग्राम मनकी में ग्रामवासियों द्वारा केंद्र सरकार की रोजगार गारंटी योजना वीबी जी-राम -जी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। खासकर इस नई रोजगार गारंटी योजना जी-राम-जी में काम के लिए 100 दिन के बजाय 125 दिन कर दिए जाने से ग्रामवासियों में खुशी देखी जा रही है। ग्राम पंचायत मनकी की सरपंच अनामिका यादव (अन्नू) ने बताया कि विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण 2025 जी राम जी योजना के संबंध में पंचायत क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार किया गया।

**योजना में 125 दिन की गारंटी कानून से ग्रामवासियों में हर्ष की लहर**

लोगों को इस योजना के संबंध में बताया जा रहा है कि अब काम के लिए 100 दिन नहीं 125 दिनों की कानूनी गारंटी है। इस पर फोकस करते हुए तथा क्षेत्र जल सुरक्षा एवं संबंधित कार्य मूलभूत ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा आजीविका को प्रोत्साहन सशक्त आपदा निवारण गांव में केंद्रित योजना विकसित ग्राम पंचायत योजनाएं ग्राम सभाओं द्वारा विकसित ग्राम पंचायत योजनाएं भारत की जरूरत को समझना राज्य सरकारों के पास बुवाई एवं कटाई के दौरान कल 60 दिनों तक कार्य रोकने का अधिकार ताकि श्रम उपलब्धता सुनिश्चित हो सके गारंटी कृत बेरोजगारी भत्ता समय पर कार्य न मिलने की स्थिति में अनिवार्य बेरोजगारी भत्ता की पात्रता होने कुछ बात उन्हें समझाया गया।

### वी बी जी-राम-जी योजना की खुबियां

देश के प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश के मजदूर किसानों के लिए लाए गए उक्त विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन के संदर्भ में राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म सभी कार्यों की विकसित भारत राष्टीय ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर स्टेट बी विल बे एन आर आई एस से डिजिटल मैपिंग होने की बात को ग्राम वासियों को सरल ढंग से समझाया गया जिससे इस किसान मजदूर हितैषी महत्वाकांक्षी योजना के संबंध मे ग्रामवासियों का बेहतर झुकाव देखने को मिला। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच सहित, सरपंच प्रतिनिधि, रोजगार सहायक सचिव व पंचगणों के अलावा ग्राम के गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में किसानों मजदूर साथी उपस्थित थे।

# व्यवस्था की बलि या व्यवस्था का डर ? पुरूर में ग्रामीण की खुदकुशी ने खड़े किए कई सुलगते सवाल

बालोद (दावा)। पुरूर छत्तीसगढ़ के बालोद जिले के पुरूर थाना क्षेत्र में हुई एक दर्दनाक आत्महत्या ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। गांव में मातम के साथ-साथ आक्रोश की लपटें भी सुलग रही हैं। मृतक पुराणिक जोशी के परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मनोवैज्ञानिक दबाव, गैरकानूनी उगाही और बार-बार थाने तलब कर प्रताड़ना देने के। ग्रामीणों का दावा है कि क्षेत्र में जब भी शराब या अन्य मादक पदार्थों की जब्ती होती है।

कई मामलों में एफआईआर दर्ज करने के बजाय कथित तौर पर 'समझौते' के नाम पर पैसों की मांग की जाती है। आरोप है कि जो व्यक्ति रकम देने में असमर्थ रहता है, उसे लगातार बुलाकर सामाजिक और मानसिक दबाव बनाया जाता है। परिजनों के अनुसार पुराणिक जोशी भी इसी तरह के दबाव और आर्थिक मांगों से त्रस्त थे। उनका कहना है कि लगातार अपमान और तनाव ने उन्हें ऐसा कठोर कदम उठाने पर मजबूर कर दिया।

### आरोप बनाम हकीकत जांच की कसौटी पर सच



पुलिस पर प्रताड़ना और अवैध वसूली के गंभीर आरोप, परिजनों ने कहा- मानसिक दबाव ने छीन ली जान

यदि लगाए गए आरोप सही साबित होते हैं, तो यह सिर्फ एक व्यक्ति की मौत नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था की साख पर गहरा सवाल होगा। पुलिस का दायित्व न्याय और सुरक्षा देना है, न कि भय और अविश्वास पैदा करना। हालांकि दूसरी ओर निष्पक्षता की मांग भी उतनी ही जरूरी है। आत्महत्या जैसे मामलों में व्यक्तिगत तनाव, घरेलू विवाद या आर्थिक संकट भी कारण बन सकते हैं। इसलिए बिना स्वतंत्र और पारदर्शी जांच के पूरे पुलिस तंत्र को दोषी ठहराना भी न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ होगा। सच्चाई सामने लाने के लिए आवश्यक है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक हो कॉल डिटेल रिकॉर्ड और साक्ष्य खंगाले जाएं स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई हो।

### भरोसे की दरार या तंत्र की नाकामी

यह घटना सिर्फ एक थाने या एक जिले का मामला नहीं रह गई है। यह सवाल उठाती है कि क्या ग्रामीण समाज और पुलिस के बीच भरोसे की खाई बढ़ती जा रही है? ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी और आर्थिक तंगी पहले से ही भारी है। ऐसे में यदि किसी पर अतिरिक्त आर्थिक या मानसिक दबाव डाला जाए, तो परिणाम घातक हो सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि पुलिस सुधार, पारदर्शिता और शिकायत निवारण की मजबूत व्यवस्था समय की मांग है। वर्दी का सम्मान तभी बचेगा। जब आम नागरिक को न्याय मिलता दिखाई देगा।

### इंसाफ सिर्फ होना नहीं, दिखना भी चाहिए

पुरूर की यह घटना अब एक व्यापक बहस का विषय बन चुकी है क्या सिस्टम आम आदमी के लिए सहारा है या बोझ? सरकार और प्रशासन के लिए यह अग्निपरीक्षा है। निष्पक्ष जांच, जवाबदेही और पारदर्शिता ही उस भरोसे को लौटा सकती है, जो इस घटना के बाद डगमगाता नजर आ रहा है। यह सिर्फ एक मौत की कहानी नहीं, बल्कि उस विश्वास की परीक्षा है जिस पर लोकतंत्र टिका है। आखिरकार, कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए न कि ताकतवरों का हथियार।

# सफाई व्यवस्था पर आयुक्त सख्त : बाबा फतेहसिंह हॉल संचालक को नोटिस, स्टेशन रोड पर बरती लापरवाही पर भी कार्रवाई



राजनांदगांव (दावा)। साफ-सफाई का जायजा लेने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सुबह वार्ड विजिट कर रहे है। अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर रोज सफाई देख साफ-सफाई में जोर देने सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करने के साथ साथ प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करने तथा नागरिको को स्वच्छता से जोड़ने स्वास्थ्य अमला को निर्देश दे रहे है। आज उनके द्वारा शहर के प्रमुख मार्ग सहदेव नगर रोड, मानव मंदिर चौक, पोस्ट आफिस चौक, रेल्वे स्टेशन रोड में साफ-सफाई का जायजा लेकर बाबा फतेहसिंह हाल में वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान रोड में पाली पापर बिखरा देख संबंधित को नोटिस जारी कर कार्यवाही करने कहा।

आयुक्त विश्वकर्मा आज सुबह आरके नगर व सहदेव नगर रोड में साफ-सफाई का जायजा लेकर सफाई कर्मियों से चर्चा कर नाली अंदर तक साफ कर कचरा निकालने तथा प्रभारी से उठवाने के लिए कहा। मानव मंदिर चौक में दुकानें खुलने से पहले सफाई करने, आवागमन बाधित स्थल से फल दुकान हटवाने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्ड प्रभारी से कहा कि सफाई के अलावा अतिक्रमण करने या मटेरियल रखने वालों को समझाईस देवे अपालन पर कार्यवाही करें। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर नागरिको को अपने घर के आस पास साफ सफाई रखने, फिटबैक लेने के निर्देश दिए। आयुक्त ने आरके नगर रोड की स्ट्रीट लाईट बंद करने का समय परिवर्तन कर 6 बजे बंद कराने विद्युत प्रभारी को निर्देशित किए। इसी प्रकार सहदेव नगर रोड में बाबा फतेहसिंह हाल के पास पाली पापर बिखरे देख संबंधित को नोटिस जारी कर कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि फतेहसिंह हाल के अलावा अन्य मांगलिक भवनों के संचालको को साफ सफाई रखने, बरात के दौरान सडक में पाली पापर व कचरा नही बिखराने समझाईस देवे अपालन पर कार्यवाही करे। पोस्ट आफिस चौक, रेल्वे स्टेशन रोड में साफ सफाई का जायजा लेकर पोस्ट आफिस के सामने, फ्लाई ओवर के नीचे, झाकी खडी रहने के कारण गंदगी पर संबधित से हटवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा रेल्वे स्टेशन चौक में अनावश्यक पानी बहता देख जल प्रभारी से नल कनेक्शन काटने कहा। इसी प्रकार अरिहंत आटो पार्टस के सामने रोड के गड्ढा को पटवाने तथा रेल्वे स्टेशन रोड सौंदर्यीकरण के तहत डिवाईडर में लगे विद्युत पोल से निकली समाग्री को उठाने कहा। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण कार्य से स्टेशन आने जाने वालों यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जाए, मटेरियल आदि तत्काल उठाव।

# महापौर बाबूटोला, पुराना ढाबा व नया ढाबा में पैदल भ्रमण कर पेयजल, वार्ड विकास एवं राजस्व वसूली के संबंध में की चर्चा



राजनांदगांव (दावा)। सुबह वार्ड निरीक्षण की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव शहर के शीर्ष वार्ड बाबूटोला, पुराना ढाबा एवं नया ढाबा मे पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से पानी सफाई के साथ साथ वार्ड विकास के संबंध में चर्चा किए।

बाबूटोला में पानी की समस्या पर महापौर श्री यादव ने बोर में पंप लगाकर टंकी से पानी सप्लाई के लिए कार्यवाही करने जल विभाग के अधिकारी को निर्देशित किये। इसी प्रकार बंद आंगनबाडी को मरम्मत कर चालू कराने कहा। इसी प्रकार नया ढाबा, पुराना ढाबा भ्रमण के दौरान नया ढाबा में पानी की समस्या को देखते हुए तीन जगह बोरिंग में सबमर्सिबल व टंकी लगाने तथा पुराना ढाबा में जहां-जहां पानी नहीं आ रहा है उन जगहों पर निरीक्षण कर पानी सप्लाई करने इंटर कनेक्शन करने के निर्देश दिए।

महापौर श्री यादव विकास कार्य के तहत ढाबा में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाकर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराने तथा स्वीकृत भवन निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंनें नया ढाबा मे मैदान निरीक्षण कर सर्वसुविधायुक्त कबड्डी मैदान निर्माण के लिये प्राक्कलन तैयार करने तकनीकि अधिकारी को निर्देशित किए, जिसे स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जा सके। उन्होंने नया ढाबा में मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना अंतर्गत निर्मित दुकानो का अनुबंध करने एवं किराया चालू कराने राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी को निर्देशित किए। वार्डवासियों से चर्चा कर महापौर ने कहा कि वार्ड की सभी समस्या का प्राथमिकता से निराकरण किया जायेगा।

निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि सचिन टुरहाटे, खेमलाल साहू, सुरेश साहू, सूरज साहू रमेश साहू नारायण साहू पन्ना साहू कबीर साहू, गजेन्द्र योगश साहू, लेखचंद साहू, प्रेमा सोनकर, अगस्य बाई यादव, लीला साहू सहित अन्य नागरिकगण के अलावा प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता सुश्री सुषमा साहू,उप अभियंता अनुप पाण्डे व सुश्री आयुषी सिंह उपस्थित थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

***13 महीनों में 66 कस्टोडियल डेथ :....***

गृहमंत्री ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि जीवन ठाकुर के खिलाफ फर्जी प्रमाण पत्र बनाने के साक्ष्य मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की गई थी। 12 अक्टूबर 2025 को उन्हें जेल लाया गया। वे मधुमेह (शुगर) के मरीज थे और तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल भेजा गया, जहां परिजन मिलते रहे। जेल प्रशासन ने न्यायालय को यह भी सूचित किया था कि वे उपचार में अपेक्षित सहयोग नहीं कर रहे थे। जेल अस्पताल की रिपोर्ट में उल्लेख था कि वे आवश्यक परहेज का पालन नहीं कर रहे थे। बाद में न्यायालय के निर्देश पर उन्हें रायपुर स्थानांतरित किया गया। भूपेश बघेल ने मामले की जांच विधानसभा समिति से कराने की मांग की। उनका तर्क था कि यदि मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है तो स्वतंत्र और व्यापक जांच आवश्यक है। इस पर गृहमंत्री ने कहा कि जब किसी प्रकरण में पहले से मजिस्ट्रेट जांच चल रही हो, तब समानांतर जांच का औचित्य नहीं बनता। उन्होंने कहा कि कानून की प्रक्रिया व्यक्ति की सामाजिक पृष्ठभूमि से प्रभावित नहीं हो सकती। बहस के दौरान भूपेश बघेल ने कथित ड्रग रैकेट से जुड़ी नव्या मलिक का नाम भी उठाया और पूछा कि क्या उसका मामला भी इन कस्टोडियल डेथ में शामिल है। गृहमंत्री ने कहा कि वे इस संबंध में पृथक जानकारी प्राप्त कर सदन को अवगत कराएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य में हत्या, लूट और फिरौती जैसे जघन्य अपराधों में 35 प्रतिशत वृद्धि का मुद्दा भी उठाया। जवाब में विजय शर्मा ने दावा किया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अपराध दर में कमी आई है और कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। कस्टोडियल डेथ के मुद्दे पर सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

***टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को 72 रनों से रौंदा,....***

गेंदबाजी करते हुए 17वें ओवर में दो और 19वें ओवर में एक विकेट (टोनी मुनयोंगा) लेकर जिम्बाब्वे की कमर तोड़ दी। आखिरी ओवर में शिवम दुबे ने ताशिंगा मुसेकिवा को आउट कर औपचारिकता पूरी की। संजू सैमसन ने विकेट के पीछे मुसेकिवा का शानदार कैच लपका। भारत की ओर से अर्शदीप सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 3 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए।

***किसानों के लिए खुशखबरी : कल मिलेगा....***

है। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत बीते दो वर्षों में किसानों को धान मूल्य अंतर की राशि के रूप में रूपये 25,000 करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। होली से पूर्व किसानों के खाते में रूपये 10,000 करोड़ के भुगतान के साथ यह राशि बढ़कर रूपये 35,000 करोड़ से अधिक हो जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि, किसान प्रदेश की आत्मा और अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव हैं। उनकी मेहनत और पसीने से ही राज्य की समृद्धि सुनिश्चित होती है। राज्य सरकार किसानों की खुशहाली, सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

***सुनेत्रा पवार एनसीपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं***

कार्यकाल अप्रैल में समाप्त होने वाला है। शरद पवार ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि वे दोबारा चुनाव लड़ेंगे या नहीं। इधर, सूत्रों ने बताया कि भाजपा राज्यसभा चुनाव में चार उम्मीदवार उतार सकती है। महाराष्ट्र विधानसभा में 288 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा के पास 132 सीटें, शिवसेना शिंदे के पास 57 और अजित पवार की ह्ष्ह्क के पास 41 विधायक हैं। राज्यसभा की एक सीट के लिए 37 वोटों की जरूरत होती है।

***अब रेलवे से क्लेम लेना हुआ आसान,....***

व्यवहारिकता की जांच करेगा। मंजूरी मिलने पर पायलट प्रोजेक्ट चलाया जाएगा। सफल होने पर लागू किया जाएगा। इसके लिए अलग बजट नहीं होगा। जिस विभाग से संबंधित प्रस्ताव होगा, उसी के बजट से खर्च किया जाएगा। नई नीति के तहत एआई आधारित हाथी घुसपैठ पहचान प्रणाली, कोच में आग का तुरंत पता लगाने वाली तकनीक, ड्रोन से टूटी पटरी की जांच और रेल ट्रैक पर तनाव की निगरानी जैसे समाधान प्रोत्साहित किए जाएंगे। इससे हादसों में कमी आएगी और सुरक्षा बढ़ेगी।

***भारत में बदलेगा वाट्सअप इस्तेमाल का तरीका!....***

के गलत इस्तेमाल को कम करना है। अधिकारियों का मानना है कि, एक्टिव सिम की जांच करने से नकली अकाउंट और ऑनलाइन स्कैम को कंट्रोल करने में मदद मिल सकती है। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि, मैसेजिंग ऐप्स के वेब और डेस्कटॉप वर्जन को हर छह घंटे में यूजर्स को लॉग आउट करना होगा। इसके बाद यूजर्स को क्क्रकोड का इस्तेमाल करके फिर से लॉग इन करना होगा। नियमों को लेकर कुछ डिजिटल राइट्स ग्रुप्स ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि खराब सिम कार्ड, फोन रिपेयर या विदेश यात्रा जैसी समस्याएं यूजर्स के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं।

# जवानों के लिए तनावमुक्त जीवन जीने की कला पर कार्यशाला आयोजित




राजनांदगांव (दावा)। बल्देव बाग स्थित इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस के जवानों के लिए ब्रह्माकुमारीज राजनांदगांव द्वारा 'तनावमुक्त जीवन जीने की कला' विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जवानों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना तथा उनके दैनिक जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी प्रभा बहन जी ने राजयोग के माध्यम से तनावमुक्त जीवन जीने के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, विशेषकर उन जवानों के लिए जो देश की सुरक्षा में निरंतर तत्पर रहते हैं। राजयोग ध्यान के अभ्यास से मन को शांति, स्थिरता और आत्मबल प्राप्त होता है, जिससे विपरीत परिस्थितियों में भी संतुलन बनाए रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान, सकारात्मक सोच और आत्मचिंतन से व्यक्ति न केवल तनाव से मुक्त रह सकता है, बल्कि अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन भी कर सकता है। कार्यशाला के दौरान जवानों को राजयोग मेडिटेशन का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। इसके पूर्व ब्रह्माकुमार झालम भाई ने तनावमुक्त रहने के लिए जवान भाइयों को बताया कि वे सदा वर्तमान में रहे न बीते बातों का व्यर्थ चिंतन करे न भविष्य की चिंता। दूसरा सदा ये सोचे कि मेरे साथ जो होगा अच्छा ही होगा। कभी अपनी तुलना दूसरों से न करे क्षमा करे और क्षमा मांग ले इससे हम सदा तनावमुक्त रह सकते है। आई टी बी पी के उप महानिरीक्षक महोदय अनवर इलाही के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक सेनानी तनाव परामर्श दाता विजय कुमार ने जवानों को कार्यक्षेत्र में तनावमुक्त रहने के लिए वक्ताओं के द्वारा बताई गई बातों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया और आशा व्यक्त कि इस प्रकार का सत्र जवानों के मानसिक स्वास्थ्य और कार्यक्षमता के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी पूनम बहन तथा आईटीबीपी के लगभग 30 जवान उपस्थित थे।

# तृप्ति को मिला अमृत कुंभ सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति, ज्ञान परम्परा और राष्ट्रीय भावना की वह जीवंत धारा है। जिसने देश को एक सूत्र में बांधे रखा है । मातृभाषा के प्रति सम्मान, अभिव्यक्ति में सहजता तथा ज्ञान विस्तार की दृष्टि से हिंदी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। इस दिशा में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा संचालित गतिविधियां प्रशंसनीय हैं। इसी क्रम में फाउंडेशन द्वारा गत दिनों अमृत कुंभ सम्मान व अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड पुरस्कार वितरण समारोह सी डी देशमुख ऑडिटोरियम नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय वाइडनर इंग्लिश मीडियम स्कूल की शिक्षिका तृप्ति दुबे को उनकी स्वरचित रचना के लिये अमृत कुंभ सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें लद्दाख के उप राज्यपाल द्वारा प्रदान किया गया। तृप्ति की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, उनके ईष्ट मित्रों व परिजनों ने बधाई देते हुये शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना : गढ़ुला के टीकम होटल के संचालक साहू परिवार बने प्रेरणास्त्रोत

**अपने घर को हरित ऊर्जा से जगमग कर जनमानस को ऊर्जादाता बनाने के लिए कर रहे हैं प्रेरित**

गढ़ुला (दावा)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों एवं छोटे व्यवसायिओं को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है। इस योजना के लाभार्थी न केवल बिजली की बचत कर रहे हैं, बल्कि ऊर्जादाता बनकर हरित, स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा भी दे रहे हैं।

राजनांदगांव ग्रामीण अंचल के प्रसिद्ध होटल व्यवसायी ग्राम गढ़ुला के टीकम होटल के संचालक अंकालु राम साहू एवं उनके पुत्र कुंदन साहू ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से प्रेरित होकर अपने घर में 3-3 किलोवॉट का सोलर प्लांट स्थापित कर उस क्षेत्र के लिए अनुठी मिसाल पेश की है और गढ़ुला आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए है। पहले साहू परिवार के घर में बिजली के उपयोग के आधार पर प्रतिमाह 4000 रुपए से 5000 रुपए बिजली का बिल आता था। टीकम होटल के संचालक साहू परिवार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी मिलते ऑनलाइन आवेदन कर वेबसाइट में पंजीकृत वेंडर को चिन्हांकित कर सौर संयंत्र स्थापना के लिए संपर्क किया एवं अपने घर में सिंगल फेज कनेक्शन वाला 3-3 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाया है। जिसकी लागत क्रमशः 2-2 लाख रुपए है। सौर संयंत्र स्थापना के एक माह के भीतर ही उन्हे अलग-अलग बैंक खातों में 1 लाख 08 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र एवं राज्य शासन से प्राप्त हो चुकी है। इस प्रकार साहू परिवार के घर का बिजली का बिल जीरो हो चुका है। साथ ही यह परिवार अब बिजली उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी नागरिकों से भी योजना का लाभ लेने का आह्वान किया है कि हर घर सौर ऊर्जा को अपनाए, तो न केवल बिजली खर्च में कमी आएगी बल्कि हम बिजली आपूर्ति के क्षेत्र में ऊर्जादाता बनकर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकेंगे।



बिजली विभाग के जनसंपर्क अधिकारी धर्मेन्द्र शाह मंडावी ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित करने पर शासन द्वारा विशेष सब्सिडी प्रदान करने के साथ ही सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों को 6 प्रतिशत की ब्याज दर से अधिकतम 10 वर्षो के लिए लोन की सुविधा प्रदान करने की पहल की गई है। इस योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट पर 30,000 केंद्र से व 15,000 राज्य से, कुल 45,000 की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसी प्रकार 2 किलोवाट प्लांट पर 90,000 तक कुल सब्सिडी ( 60,000 केंद्र . 30,000 राज्य) मिलती है। 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सोलर प्लांट पर केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार रुपये तथा राज्य सरकार से 30 हजार रुपये कुल 1 लाख 8 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस सब्सिडी के कारण आम नागरिक भी आसानी से सौर ऊर्जा को अपना पा रहे हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत अपने घर की छत पर ही ऊर्जा का उत्पादन करने की यह पहल बिजली के बिल से मुक्ति दिलाने तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में लाभदायक साबित हो रही है। प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा। जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है।

# एनबीआईएस बोरी में मना ग्रेजुएशन सेरेमनी

राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में शिक्षा सत्र 2025-26 में अध्ययनरत केजी टू के बच्चों का ग्रेजुएशन सेरेमनी बड़े ही उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस सेरेमनी में केजी टू के बच्चों के पालकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। पालकों की उपस्थिति में समारोह की भव्यता और भी अधिक विस्मरणीय रही।




समारोह का शुभारंभ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात केजी टू के सभी छात्रों का सभाकक्ष में प्रवेश कराया गया। शाला द्वारा बच्चों को ग्रेजुएशन सेरेमनी के लिए विशेष रूप से अलग वस्त्रों से तैयार किया गया था। जिससे पालकों की प्रसन्नता देखते बनती थी। प्रवेश पश्चात छात्रों द्वारा, सुमधुर समूह गीत के साथ अनेक संस्कारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति सभी के समक्ष किया गया। जिसे उपस्थितजनों ने खूब सराहा। बच्चों की प्रस्तुति के बाद बच्चों की आगामी कक्षा पहली की पुस्तिकाओं का संक्षिप्त परिचय पालकों व बच्चों से कराया गया। समारोह में संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा सभी उपस्थित सम्माननीय अभिभावकों का अभिवादन करते हुए, अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों को गढ़ना आसान नहीं होता।

बच्चे गिली मिट्टी की तरह होते है। जिसे जैसा गढ़ों, वो वैसा ही बनते है। एक शिक्षक होने के नाते हमारी ये जिम्मेदारी है कि हम न केवल बच्चों को किताबी ज्ञान अपितु व्यावहारिक ज्ञान के साथ ही संस्कार भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। ताकि छात्र अपने नैतिक मूल्यों का सही दिशा में निर्वहन करते रहे। श्री बाजपेयी द्वारा सभी केजी-टू के बच्चों को आशीर्वाद देते हुए आगामी कक्षा के प्रवेश पर शुभकामनाएं प्रेषित किए।

# भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

खैरागढ़ (दावा)। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण ÷मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना÷ के संबंध में दिनांक 25.02.2026 से 26.02.2026 तक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट सभा कक्ष, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में किया जा रहा है।



कार्यशाला में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। जिसे निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना अत्यंत आवश्यक है।। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के मूल कार्य हेतु छत्तीसगढ़ राज्य में 1 मई से 30 मई तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है।। यह कार्य सभी चार्ज अधिकारियों की प्रतिबद्धता एवं समन्वय से ही सफलतापूर्वक पूर्ण हो सकेगा। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनगणना निदेशालय, नवा रायपुर से राज्य स्तरीय जनगणना प्रशिक्षक कवीन्द्र कुमार रंगारी एवं आशीष मिश्रा द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की प्रक्रियाओं, प्रपत्रों एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के साथ अपने पूर्व जनगणना अनुभव साझा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला सांख्यिकी अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रथम चरण में जिले के सभी आवासीय एवं गैर-आवासीय भवनों का सूचीकरण किया जाएगा। साथ ही परिवार द्वारा धारित परिसंपत्तियों जैसे रेडियो, टेलीविजन, कंप्यूटर, मोबाइल फोन आदि का विवरण HLO App के माध्यम से संकलित किया जाएगा। इसकी निगरानी चार्ज अधिकारियों द्वारा CMMS Portal के माध्यम से की जाएगी।

इस बार स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। नागरिक स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। स्व-गणना पोर्टल 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक उपलब्ध रहेगा, जिसके माध्यम से नागरिक निर्धारित अवधि में अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे।

राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों ने बताया कि व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से नागरिकों को यह जानकारी दी जाए कि जनगणना में प्राप्त सभी सूचनाएं पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं तथा उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है। अतः सभी नागरिक सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं।

# पीएम श्री सेजेस डोंगरगांव के नन्हे सितारों ने बिखेरी चमक, स्पोकन इंग्लिश में बने ब्लॉक विनर

डोंगरगांव (दावा)। समग्र शिक्षा स्कूल शिक्षा विभाग जिला राजनांदगांव द्वारा विनोबा एप्स पर आयोजित नन्हे सितारे कार्यक्रम में संस्था पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल डोंगरगांव के प्राथमिक विभाग के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन के द्वारा उत्कृष्ट स्थान को प्राप्त किया। इसके तहत स्पोकन इंग्लिश कंपटीशन में कक्षा 4 से रियांशिका साहू तथा कक्षा 5 से कु. तृषा चंद्रवंशी ब्लॉक स्तर पर विजेता रहे और संस्था व डोंगरगांव का नाम रोशन किया है। छात्रों की उपलब्धि में शिक्षिका मेघा रामटेके का उल्लेखनीय योगदान रहा। बीईओ आर.एल.पात्रे, संस्था प्राचार्य एवं सीएसी देवेंद्र साहू, सीएसी डामनदास साहू एवं सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# नशा समाज के लिए कैंसर से भी खतरनाक इसे समाजिक एकता से दूर किया जा सकता है - गिरवर साहू

डोंगरगढ़ (दावा)। सामाजिक जागरूकता अभियान पढ़बो पढ़ाबो समाज ला आगु बढ़ाबो के मूल मंत्र को लेकर तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर के अध्यक्ष गिरवर साहू के नेतृत्व में द्वितीय चरण में ग्राम मांगीखुटा, कोठीटोला, दिवानटोला, कारूटोला, टाटेकसा में परिवार सम्मेलन का आयोजन किया गया। परिवार सम्मेलन को संबोधित करते हुए तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू ने पढ़बो-पढ़ाबो समाज ला आगु बढ़ाबो के मूल मंत्र को हमें अंतिम परिवार तक ले जाना हमारा लक्ष्य है।



आज समाज में बेटा और बेटियों में शैक्षणिक योग्यता में भारी अंतर दिखाई पड़ रहा है। इसे हमें दूर करना है। पढ़बो पढ़ाबो हमर अभियान बेटा बेटी एक समान को अपनी पूरी जिम्मेदारी समझ कर अपने परिवार में विचार आना चाहिए। आज हमारे समाज में नशा एक कैंसर से भी ज्यादा खतरनाक रूप ले रहा है। इसे सामाजिक एकता से ही दूर किया जा सकता है।

इस सम्मेलन को मंडल अध्यक्ष रोहित साहू ने भी संबोधित करते हुए युवाओं को आह्वान किया कि नशा से दूर होकर एक अच्छे समाज का निर्माण करने में अपनी भागीदारी निभाए। इस सम्मेलन में कोषाध्यक्ष कमलेश साहू, संगठन सचिव उमा साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित साहू, हनुमान दास साहू, दुर्गेश साहू, उभय साहू, मीनेश साहू, महेत्रु साहू, घणी राम साहू, मनोज साहू, रोहित साहू, कन्हई साहू, भगवान दास साहू, नारायण साहू, मुन्ना साहू, महेश साहू, यादव राम साहू, रामजी साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक उभय राम साहू ने दी।

# गिरौदपुरी धाम तीर्थ यात्रा के लिए 24 बसों को श्वेत झंडी दिखाई गई, 1500 श्रद्धालु हुए रवाना

राजनांदगांव (दावा)। सामाजिक समरसता और आस्था के प्रतीक परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की पावन जन्मस्थल गिरौदपुरी धाम के दर्शन हेतु जिला भाजपा कार्यालय से भव्य तीर्थयात्रा का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा के लिए 24 बसों में लगभग 1500 श्रद्धालु सामाजिक बंधु रवाना हुए।




ज्ञात हो की इसी समय में गिरौदपुरी में भव्य रूप से तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें यह सभी श्रद्धालु शामिल हो सके। इस तीर्थ स्थल के विकास और निर्माण का श्रेय प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को जाता है। उनके सौजन्य से गिरौदपुरी धाम को भव्य स्वरूप प्रदान किया गया तथा सामाजिक बंधुओं को पुण्यभूमि के दर्शन हेतु सुव्यवस्थित तीर्थ यात्रा की व्यवस्था प्रारंभ की गई। जिसका लाभ हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष प्राप्त कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में कुतुब मीनार से भी ऊंचे जैतखाम के निर्माण के लिए सामाजिक बंधुओं ने डॉ. रमन सिंह के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

बसों को जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल ने श्वेत झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय राय, महामंत्री योगेश बंजारे, दादू राम सोनकर, रवि सिन्हा, सुमित भाटिया, तरुण लहरवानी, चिंटू सोनकर, पार्षद श्रीमती केवरा राय, खेमिन यादव, मणिभास्कर गुप्ता, कमलेश प्रजापति, अरुण शुक्ला सहित अन्य सामाजिक एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि गिरौदपुरी धाम केवल एक तीर्थ स्थल नहीं, बल्कि सामाजिक जागृति समरसता और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र है। यह यात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है जिससे समाज के अधिक से अधिक लोग इस पुण्य अवसर का लाभ लेकर स्वयं को धन्य कर सकें।

अंत में सभी श्रद्धालुओं को मंगलमय एवं सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी गईं।

# नेहरू महाविद्यालय में आज 'फूड फेस्टिवल' का आयोजन



डोंगरगढ़(दावा)। राज्य परियोजना कार्यालय, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के पत्र क्रमांक 3949/रा.प.का/रूसा/2026 रायपुर दिनांक 05/02/2026 के निर्देशानुसार रूसा 2.0 के अंतर्गत शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में 'श्री अन्न फूड फेस्टिवल' का आयोजन 27 फरवरी को महाविद्यालय के पुराने भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्री अन्न (मिलेट्स) के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना, पौष्टिक एवं संतुलित आहार को बढ़ावा देना तथा स्थानीय कृषकों एवं स्टार्टअप को प्रोत्साहित करना है। फूड फेस्टिवल में श्री अन्न से निर्मित विभिन्न व्यंजनों की प्रदर्शनी एवं स्वाद परीक्षण (टेस्टिंग) की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही मिलेट्स के पोषण महत्व, स्वास्थ्य लाभ एवं उद्यमिता संभावनाओं पर जानकारी भी प्रदान की जाएगी।महाविद्यालय प्रशासन द्वारा क्षेत्र के समस्त नागरिकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, कृषकों एवं स्वयं सहायता समूहों, महाविद्यालय के साथ एमओयू हुए संस्थाओं से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

# राज्य स्तरीय जुजीत्सु रेफरी जज एवं कोच ट्रेनिंग व परीक्षा कल से




**25 जिला स्तरीय रेफरी व कोच भाग लेंगे ट्रेनिंग व परीक्षा में**

डोंगरगढ़(दावा)। राज्य स्तरीय जुजीत्सु रेफरी जज एवं कोच ट्रेनिंग व परीक्षा का आयोजन दिनांक 28 फरवरी से 1 मार्च तक स्थानीय चेक मेट फाइटिंग क्लब डोंगरगढ़ में किया जा रहा है जिसमें प्रदेश भर से लगभग 25 जिला स्तरीय रेफरी व कोच भाग ले रहे हैं छत्तीसगढ़ राज्य के जुजीत्सु रेफरी काउंसिल के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद शांडिल्य ने जानकारी दी।

अंतर्राष्ट्रीय कोच राणा अजय सिंह के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय नियमों में जो परिवर्तन आए हैं एवं राज्य के रेफ्रियों को राष्ट्रीय रेफरी की परीक्षा में भाग लेने हेतु यह दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दो अलग-अलग विधाओं नेवाज़ा एवं फाइटिंग सिस्टम मैं प्रैक्टिकल थ्योरी के माध्यम से नियमों की जानकारी प्रदान की जाएगी एवं अंतिम दिन लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जिसमें उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागियों को प्रथम एवं द्वितीय स्तर का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा इस अवसर पर राष्ट्रीय रेफरी तेजस राहुल यतेश्वर राव दुर्गेश मोंठघरे शिवदयाल असजद रजा अनुज दमानी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुश्री राणा वसुंधरा सिंह सहयोगी के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# ऐतिहासिक क्षण : नादिया कबीर मठ के स्थापना के 200 वर्ष पूर्ण, तीन दिवसीय फाल्गुन महोत्सव कल से

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम नादिया स्थित सुप्रसिद्ध प्राचीन कबीर मठ धाम इस वर्ष अपनी स्थापना के 200 गौरवशाली वर्ष पूर्ण कर रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर 28 फरवरी, 1 और 2 मार्च को 202वें फाल्गुन महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्री कबीर साहेब मठ ट्रस्ट और ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय अखिल भारतीय संत सम्मेलन में देशभर से हजारों श्रद्धालु और संत-महात्मा शामिल होंगे।

मठ का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। इसकी स्थापना वर्ष 1826 में आद्याचार्य सदगुरु सेवा साहेब जी ने दानवीर मंगतू ठाकुर के विशेष सहयोग से की थी। दो शताब्दियों से यह मठ कबीर पंथ के अनुयायियों के लिए साधना, तप और आध्यात्मिक जागरण का प्रमुख केंद्र रहा है। 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस बार के आयोजन को विशेष रूप से भव्य रूप दिया जा रहा है।



**देशभर से जुटेंगे प्रख्यात कबीर पंथी संत, 202वें आयोजन में बहेगी सत्संग और भजनों की अमृतधारा**

**महोत्सव की विस्तृत रूपरेखा**

प्रथम दिवस 28 फरवरी को सुबह 9 बजे गुरु महिमा और बीजक पाठ से शुभारंभ। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और संतों का स्वागत। दिनभर भजन-प्रवचन का दौर चलेगा। द्वितीय दिवस 1 मार्च को दो सत्रों में सत्संग। संतजन मानव जीवन के उद्देश्य, सदाचार और सामाजिक समरसता पर विचार रखेंगे। तृतीय दिवस 2 मार्च को प्रथम सत्र में सत्संग और द्वितीय सत्र में सात्विक ज्ञान यज्ञ, चौका आरती के साथ महोत्सव का समापन होगा। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रांतों से प्रख्यात विद्वान संत अपनी उपस्थिति देंगे। जिनमें प्रमुख रूपए से साध्वी सुश्री सुमेधा साहेब (देवरी, म.प्र.), संत डॉ. हरीश साहेब (पटना विश्वविद्यालय, बिहार), संत डॉ. भागीरथी साहेब (कबीर चौरा, वाराणसी), संत रतनस्वरूप साहेब (पूर्णिया, बिहार), महंत लेखचंद साहेब (मुरमुंदा, छत्तीसगढ़) आदि है। मठ के वर्तमान पीठाधीश्वर नादवंशाचार्य मंगल साहेब जी एवं धर्माधिकारी सत्येंद्र साहेब जी ने समस्त श्रद्धालुओं से इस ऐतिहासिक अवसर पर उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है। सचिव संत गिरवर साहेब ने बताया कि बाहर से आने वाले भक्तों के रुकने और भोजन की संपूर्ण व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।

# साय सरकार का बजट 'झूठ का पुलिंदा' और 'जुमलों की किताब' - रतन सिंघी पूर्व एल्डरमैन



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में पेश किए गए साय सरकार के बजट को लेकर खैरागढ़ नगर पालिका परिषद के पूर्व एल्डरमैन रतन सिंगी ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस बजट को आम जनता की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला बताते हुए इसे झूठ का पुलिंदा और जुमलों का बजट करार दिया। रतन सिंगी ने कहा कि सरकार हर साल बजट को अलग-अलग नाम देकर जनता को भ्रमित कर रही है। पहले 'गति' बजट लाया गया, जिसका परिणाम जनता ने देख लिया। उसके बाद 'ज्ञान' बजट आया, जो उनके अनुसार 'अज्ञान' साबित हुआ। अब 'संकल्प' बजट पेश किया गया है, लेकिन यह संकल्प भी सिर्फ कागजों तक सीमित रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में युवाओं के रोजगार के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं है। सदन में 35 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की गई थी, लेकिन आज तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बीएड अभ्यर्थी और संविदा कर्मचारी हड़ताल पर हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का बजट में कोई समाधान नजर नहीं आता।

# जालबांधा में पीएमएफएमई योजना अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत जिले के जालबांधा में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।। कार्यक्रम का आयोजन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र (डीआईसी) द्वारा किया गया।



कार्यशाला में स्व-सहायता समूहों की कुल 56 सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्व-सहायता समूहों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना तथा केंद्र सरकार की पीएमएफएमई योजना के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री अर्जुन कुमार साहू द्वारा कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने आवेदन प्रक्रिया, पात्रता, 35 प्रतिशत तक अनुदान प्रावधान तथा योजना से प्राप्त होने वाले लाभों के संबंध में विस्तार से बताया। साथ ही उपस्थित स्व-सहायता समूहों को योजनाओं से जुड़कर सूक्ष्म खाद्य उद्यम स्थापित करने एवं आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया।कार्यशाला में ग्राम टेकापार कला की सफल उद्यमी श्रीमती सुनीता वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर मसाला निर्माण इकाई स्थापित करने का अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने समूह की महिलाओं को बताया कि किस प्रकार योजना से जुड़कर स्वरोजगार स्थापित किया जा सकता है तथा आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्रबंधक श्री अर्जुन साहू ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की समापन घोषणा की।

# निगम का बुलडोजर : पुराना ढाबा में अवैध निर्माण ध्वस्त, चौपाटी से हटे ठेले

## आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर अतिक्रमण दस्ते की बड़ी कार्रवाई, यातायात बाधित करने वालों पर सख्ती



राजनांदगांव (दावा)। शहर में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा एवं पसरा लगाने वालों को समझाईस देने व हटाने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित दस्ता निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर समझाईस देकर हटाने की कार्यवाही कर रही है। अतिक्रमण दस्ता आज पुराना ढाबा से अतिक्रमण तोड़ चौपाटी के सामने से ठेला खोमचा हटाने की कार्यवाही किए। शहर के चौक चौराहा एवं रोड में अतिक्रमण कर अनाधिकृत रूप से पसरा एवं ठेला खोमचा लगाकर व्यवसाय किया जाता है। जिससे यातायात बाधित होती है और दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे ध्यान में रखकर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने निगम के भवन अधिकारी एवं अतिक्रमण दस्ता को अनाधिकृत निर्माण तथा पसरा हटाने एवं ठेला खोमचा वालों को व्यवस्थित लगाने समझाईस देने के निर्देश दिये। हाल के दिनों में गौरव पथ एवं अन्य स्थल पर नये अतिक्रमण की शिकायत नगर निगम में लगातार प्राप्त हो रही है। शिकायत के आधार पर निगम का अमला अतिक्रमण हटाने समझाईस दे रही है। समझाईस उपरांत नही हटाने पर निगम के द्वारा हटाने की कार्यवाही की जाएगी।

इसी तारतम्य में निगम का दस्ता निरीक्षण कर एवं शिकायत के आधार पर कार्यवाही कर रही है। कार्यवाही की कडी में आज पुराना ढाबा में रोड के किनारे दुकान के लिए रैम्प बनाने पर उसे जेसीबी से तोड़ा गया। इसी प्रकार चौपाटी के सामने इंटरलाकिंग कराने अवैध रूप से रखे ठेला खोमचा हटाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू, उद्यान सह.प्रभारी दिलीप गिरी, समयपाल चिराग मेश्राम एवं प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी व गणेश झा एवं अतिक्रमण दस्ता के द्वारा की गयी। आयुक्त ने अपील करते हुये कहा है कि शहर के चौक-चौराहों एवं रोड में पसरा व ठेला खोमचा न लगावे। रोड में पसरा आदि लगाने से यातायात बाधित होने के साथ साथ दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने कहा कि निगम का अतिक्रमण दस्ता हटाने की कार्यवाही करेगी उससे पूर्व हटा लेवे। अन्यथा बिना सूचना हटाकर जुर्माना वसूला जाएगा।

# भक्ति के रंग में रंगा संस्कारधानी : श्री दासी श्याम प्रभु की भव्य निशान यात्रा में उमड़ा जनसैलाब





सफेद वस्त्रों में सजे श्रद्धालु, केसर और इत्र की होली के साथ गूंजे फाग के तराने, श्रीश्यामकुटी में अर्पित किए निशान

राजनांदगांव (दावा)। फाल्गुन मास के प्रारंभ होते ही पूरे देश में होली की खुमारी छाने लगती है, लेकिन राजनांदगांव के श्रीदासीश्याम मंडल एवं श्रीश्यामकुटी परिवार की होली अपनी अनूठी परंपरा के लिए विख्यात है। यहां बसंत पंचमी से ही केसर और इत्र की होली का जो सिलसिला शुरू होता है। वह फाल्गुन शुक्ल ग्यारस के रंगोत्सव तक अपनी चरम ऊंचाइयों को छूता है। गुरुवार 26 फरवरी को स्टेशन पारा स्थित शक्तिधाम से श्रीदासीश्याम प्रभु की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा की सबसे खास बात श्रद्धालुओं का श्वेत (सफेद) पहनावा रही।

भक्तजनों का मानना है कि सफेद वस्त्रों पर जब प्रभु के प्रेम का केसरिया रंग चढ़ता है तो वह जीवनभर के लिए अमिट हो जाता है। भव्य रथ पर विराजमान प्रभु के आगे-आगे बच्चे, महिलाएं और पुरुष हाथों में निशान (ध्वज) लिए भजनों की धुन पर झूमते हुए चल रहे थे। यह निशान यात्रा जीई रोड, गायत्री मंदिर, कामठी लाइन, भारत माता चौक और गंज लाइन से होते हुए रामाधीन मार्ग स्थित श्रीश्यामकुटी पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना के साथ प्रभु के चरणों में निशान अर्पित किए। यात्रा के पश्चात सभी भक्तों को मेवा-मिष्ठान, आलू चिप्स और चाय-बिस्किट की प्रसादी वितरित की गई। ब्रज की लठमार होली की तरह ही यहां की इत्र और केसर वाली होली अपनी मिठास के लिए प्रदेशभर में प्रसिद्ध है। 27 फरवरी को रंगोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार सुबह आरती के पश्चात श्रद्धालु अपनी गुरुमां के साथ इत्र-केसर की होली खेलेंगे और फाग भजनों का आनंद लेंगे।

श्री श्यामकुटी परिवार द्वारा फाल्गुन रंगोत्सव के साथ-साथ कार्तिक ग्यारस, भादो की चौथ (जयंती), गुरुपूर्णिमा और जन्माष्टमी जैसे उत्सव भी वर्षों से बड़ी आस्था के साथ मनाये जाते हैं। फाल्गुन के इस उल्लास के बाद अब जिले और प्रदेश के भक्तों को गुरुपूर्णिमा और श्रीदासीश्याम प्रभु की आगामी जयंती महोत्सव का बेसब्री से इंतजार है। निशान यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में मोहल्लेवासियों ने पुष्प वर्षा कर प्रभु का स्वागत किया और इस भक्तिमय आयोजन की सराहना की।

# पुलिस महानिदेशक ने की आपराधिक प्रकरणों की समीक्षा

## रेल्वे सुरक्षा समिति की रखी गई बैठक



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज, बालाजी राव (भापुसे) द्वारा रेल्वे सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें मादक पदार्थ तस्करी के संबंध में पंजीबद्ध अपराध एवं ऐसे अपराध रोकने के लिए किये जाने वाले उपाय, ट्रेनों में हुए चोरी एवं लूट के प्रकरणों की समीक्षा एवं आरोपियों के द्वारा अपनाये जाने वाले विभिन्न तरीकों के संबंध में, रेल्वे स्टेशन में सीसीटीवी की उपलब्धता, एवं आगामी नवरात्रि पर्व के दौरान डोंगरगढ रेल्वे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था, प्लेटफार्म पेट्रोलिंग,रेल्वे स्टेशन एवं रेल्वे ट्रैक के आस-पास एवं ट्रेनों में घटना कारित करने वाले असामाजिक एवं अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा उपरांत प्रभावी कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश दिये गये। स्थानीय पुलिस, आरपीएफ एवं जीआरपी के मध्य बेहतर तालमेल एवं यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिये गये।

उक्त बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, एआईजी गीता वाधवानी, आरपीएफ थाना प्रभारी श्रीमति तरूणा साहू, जीआरपी थाना प्रभारी श्रीमति दया कुर्रे, थाना प्रभारी कोतवाली नंद किशोर गौतम, थाना प्रभारी सोमनी अरूण कुमार नामदेव , थाना प्रभारी लालबाग रमेश पटेल, थाना प्रभारी बोरतालाव अवनीश श्रीवास, चौकी प्रभारी चिखली कैलाश मरई, चौकी प्रभारी तुमड़ीबोड़ दिलीप पटेल सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# कुआं चौक में कल से 24 घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ

## एक मार्च को निकलेगी नशामुक्ति सद्भावना जन जागरण रैली




राजनांदगांव (दावा)। शहर के कुंआ चौक स्थित गुरु घासीदास भवन में मां भगवती मानव कल्याण समिति द्वारा 28 फरवरी को 24 घंटे का जिला स्तरीय अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है। उक्त अनुष्ठानिक कार्यक्रम में साधना व अखंड दुर्गा चालीसा पाठ के लिए श्री शक्ति पुत्र महराज द्वारा सभी धर्मप्रेमी लोगों को आमंत्रित किया गया है। समिति द्वारा बताया गया कि 28 फरवरी शनिवार की सुबह अखंड दुर्गा चालीसा पाठ प्रारंभ होगा। वहीं इसके अगले दिन 1 मार्च रविवार को कुंआ चौक से भव्य नशा मुक्ति सद्भावना जन जागरण रैली निकाली जाएगी। उक्त कार्यक्रम में समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुजनों को अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की गई है।

# उदयाचल प्रांगण में सजा खाटू नरेश का भव्य दरबार



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में फागुन के रंग अब पूरी तरह से श्याम भक्ति में रंगे नजर आ रहे हैं। इसी कड़ी में श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित फागुन महोत्सव के अवसर पर स्थानीय उदयाचल प्रांगण में श्री श्याम प्रभु का अलौकिक और भव्य दरबार सजाया गया। खाटू नरेश के इस मनमोहक स्वरूप के दर्शन के लिए देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महोत्सव के दौरान उदयाचल प्रांगण को विशेष रूप से कलकत्ता और बेंगलुरु से मंगाए गए सुगंधित पुष्पों से सजाया गया था। बाबा श्याम का श्रृंगार इतना दिव्य था कि हर कोई अपलक उन्हें निहारता रहा। अखंड ज्योत के प्रज्वलन के साथ ही पूरा परिसर जय श्री श्याम और हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों से गूंज उठा। स्थानीय एवं आमंत्रित भजन गायकों ने फागुन के विशेष भजनों और फाग की प्रस्तुति दी। चंग की थाप पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया और गुलाल लगाकर होली की खुशियां मनाईं। मंडल के सदस्यों ने बताया कि फागुन महोत्सव का उद्देश्य शहर में आपसी भाईचारा और प्रभु के प्रति अटूट श्रद्धा का विस्तार करना है।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा आगामी होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य प्रतिष्ठानों का किया जा रहा औचक निरीक्षण



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा आगामी होली पर्व के दृष्टिगत चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के साथ डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों से मिठाई, घी, पनीर, नमकीन, आटा, मैदा, बेसन, सूजी, बेकरी सहित अन्य खाद्य पदार्थों के कुल 125 नमूने संकलित किये गए और चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर जांच की गई, जिनमें से 118 नमूने मानक एवं 5 नमूने अवमानक पाए गए।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा आशीष डेयरी एवं डेली नीड्स डोंगरगढ़ से शंका के आधार पर घी, पनीर एवं खारी का नमूना तथा जैन स्वीट्स तुमड़ीबोड़ से मिल्क कतली एवं नमकीन का नमूना संकलित कर उच्च स्तरीय जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला प्रेषित किया गया है। उक्त नमूनों में से यदि कोई नमूना अवमानक, मिथ्याछाप या असुरक्षित पाए जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत कड़ी कार्रवाई कर प्रकरण को यथाशीघ्र सक्षम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा क्षेत्र के नागरिकों को सही एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य उत्पाद पहुंचाने के लिए लगातार खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है और आवश्यकतानुसार कार्यवाही की जा रही है। खाद्य कारोबारियों से अपने प्रतिष्ठानों में नागरिकों के लिए सुरक्षित एवं सही गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ का विक्रय, भण्डारण, प्रदर्शन एवं विनिर्माण करने की अपील की है। साथ ही नागरिकों से आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य पदार्थों को खरीदते समय विश्वसनीय एवं पंजीकृत दुकानों से ही खाद्य सामग्री खरीदीने का आग्रह किया गया है। कोई भी खाद्य सामग्री खरीदते समय दुकानदार से पक्का बिल (रसीद) अवश्य लें। शिकायत दर्ज कराने की स्थिति में यह बिल अत्यंत आवश्यक होता है। अत्यधिक चमकीले और गहरे रंग वाली मिठाइयों में अखाद्य रंगों का उपयोग किया जा सकता है, नागरिक इन मिठाईयों का उपयोग नहीं करें। प्राकृतिक रंगों से बनी मिठाइयों को प्राथमिकता दें। पैकेट बंद खाद्य पदार्थों, नमकीन एवं पेय पदार्थों को खरीदते समय उन पर अंकित निर्माण तिथि, उपयोग की अंतिम तिथि, एफएसएसएआई नंबर अवश्य जांचे। साफ-सफाई का अभाव वाले प्रतिष्ठानों से मिठाइयां या खाद्य पदार्थ नहीं खरीदे। किसी भी प्रतिष्ठान पर मिलावटी या दूषित खाद्य सामग्री बेचे जाने का संदेह होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग हेल्पलाइन 9340597097 पर सूचना अवश्य दें।

# स्टेडियमों के कायाकल्प के लिए 15 करोड़ की स्वीकृत सौभाग्य की बात - योगेश बागड़ी



हॉकी स्टेडियम को मिलेगा नया एस्ट्रोटर्फ और फ्लड लाइट, दिग्विजय स्टेडियम में भी होंगे बड़े बदलाव

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के बजट वर्ष 2026-27 में राजनांदगांव की खेल प्रतिभाओं को बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्रीय विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से शहर के दिग्विजय स्टेडियम और अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के लिए लगभग 15 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस ऐतिहासिक निर्णय पर दिग्विजय स्टेडियम समिति के नवनियुक्त सहसचिव योगेश बागड़ी ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे जिले के खेल जगत के लिए स्वर्णिम अवसर बताया है। श्री बागड़ी ने बताया कि इस बजट से अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में जल्द ही नया एस्ट्रोटर्फ बिछाया जाएगा। इसके साथ ही फ्लड लाइट लगने से यहाँ रात्रिकालीन हॉकी प्रतियोगिताओं का आयोजन संभव हो सकेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस वर्ष शहर की खेलप्रेमी जनता को कोई बड़ी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता देखने को मिलेगी। दिग्विजय स्टेडियम के लिए भी बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। यहां इंडोर बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण के साथ-साथ संपूर्ण परिसर के विद्युतीकरण और अन्य संसाधनों के लिए राशि खर्च की जाएगी। इन सुविधाओं के विस्तार से स्टेडियम में बड़े आयोजनों की संभावना बढ़ गई है।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रति जताया आभार

योगेश बागड़ी ने डॉ. रमन सिंह के उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए राजनांदगांव की खेल प्रेमी जनता की ओर से उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव के चहुंमुखी विकास और खेल अधोसंरचना को मजबूत करने में डॉ. रमन सिंह जी ने हमेशा की तरह कोई कमी नहीं छोड़ी है। स्टेडियमों के लिए इतनी बड़ी राशि स्वीकृत होने से खिलाड़ियों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। खेल जगत से जुड़े अन्य पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने भी इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे राजनांदगांव के खेल भविष्य के लिए एक मास्टरस्ट्रोक बताया है।

# मित्र गट्टानी जी के परिजनों से सौजन्य भेंट की दिग्विजय सिंह ने

खाली पैर 991 सीढ़ी चढ़कर, माता के दरबार में पहुंचकर, देशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की



डोंगरगढ़(दावा)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजा दिग्विजय सिंह (सांसद राज्यसभा) 25 फरवरी बुधवार की रात्रि संक्षिप्त प्रवास पर पहुचें तथा अपने मित्र स्व. प्रकाशचंद्र गट्टानी परिवार से सौजन्य भेंटकर भोजन ग्रहण किया। रात्रि विश्राम उपरांत प्रातः 7.15 बजे को बिना चप्पल, जूते (नंगे पाव), पैदल 991 सीढ़ी चलकर माता रानी बमलेश्वरी देवी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तदुपरांत नीचे मंदिर दर्शन कर ट्रस्ट समिति को भेंट दिया तथा गट्टाणी भवन में फलाहार ग्रहण किया एवं परिवार से मुलाकात की। तदुपरांत वे चंद्रगिरी तीर्थ जाकर आचार्य विद्यासागर जी महाराज की समाधि स्थल जाकर आशीर्वाद लिया एवं मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के प्रवास में रवाना हुए। उक्त कार्यक्रम में पूर्व विधायक मंत्री धनेश पाटिला, भुवनेश्वर बघेल, अनिल गट्टानी, जिला राजनांदगांव शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार, जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विपिन यादव, ब्लाक अध्यक्ष हरीश भंडारी, संजीव गोमास्ता, संजीव वशिष्ट, डॉ. थानेश्वर पाटिला, रामजी तराने, किशोर जैन, सुरेश जैन मुन्ना, रूपेश दुबे, विष्णु लोधी अब्दुल बशीर सहित भारी संख्या में राजनांदगांव, डोंगरगढ़ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# इंद्र कुमार वैष्णव 'डी.लिट' (डाक्टरेट) की मानद उपाधि से सम्मानित




राजनांदगांव(दावा)। डॉ. एस. राधाकृष्णन अनुसंधान एवं विकास संस्थान मुंबई (ऑल इंडिया टीचर वेलफेयर एसोसिएशन) की अनुशंसा पर मिला डाक्टरेट का यह सम्मान लगभग चार दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। वर्तमान में लालचंद्र बहादुर एजुकेशनल सोसायटी (रॉयल कॉलेज, रॉयल किड्स कॉन्वेंट, डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल) के बोर्ड मेंबर बरसर इंद्र कुमार वैष्णव को भारत के पूर्व राष्ट्रपति महान शिक्षाविद् की स्मृति में स्थापित डॉ. एस राधाकृष्णन अनुसंधान एवं विकास संस्थान मुंबई की विशेष अनुशंसा पर यूनिवर्सिटी आफ सेंट्रल अमेरिका द्वारा 'डॉक्टर ऑफ लेटर्स' (डी-लिट) की मानद उपाधि प्रदान की गई है। वे लगभग 40 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका अदा कर रहे हैं। 'राजकुमार कॉलेज रायपुर से 1988 में प्रारंभ हुआ सफर रॉयल किड्स कॉन्वेंट और रॉयल कॉलेज राजनांदगांव के माध्यम से उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए सामाजिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। उनकी इसी चार दशक के योगदान को देखते हुए संस्थान ने उनके नाम को इस सम्मान के लिए प्रस्तावित किया था।

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने श्री वैष्णव को यह उपाधि प्रदान की। प्रशस्ति पत्र में उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एवं समाज के क्षेत्र में किए गए योगदान का विशेष उल्लेख किया गया। यह सम्मान न केवल उनके परिजनों के लिए, बल्कि हम सभी के लिए गौरव का विषय है।

इस उपलब्धि के संस्थान की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, चेयरमैन बल्देव सिंह भाटिया, सहायक प्रशासक संजय बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, डायरेक्टर सावंत सिंह, पूजा सिंह, जनमेजय सिंह, श्रेयांश सिंह, इला सिंह, अकादमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, रॉयल कॉलेज प्रिंसिपल श्रीमती अनुराधा शुक्ला, सीबीएसई प्रिंसिपल एकता खंडेलवाल, उप प्राचार्य ममता मिश्रा, हेड मिस्ट्रेस सुश्री सरिता सिंह, अपर्णा वर्मा, सीजी बोर्ड सोनल अंजोरिया सहित सभी शिक्षकों द्वारा बधाई दी गई।

# अनूठी पहल : बेटे की शादी के कार्ड के जरिए दिया जल संरक्षण और छत्तीसगढ़ी संस्कृति का संदेश



डोंगरगांव (दावा)। जिले के डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम रूदगाँव में एक अनोखा विवाह आमंत्रण पत्र चर्चा का विषय बना हुआ है। पंचायत विभाग में सचिव के पद पर कार्यरत गंगाराम निषाद ने अपने पुत्र सूर्यभान (सूर्या) के विवाह के लिए एक ऐसी मिशाल पेश की है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक है। आगामी 22 मार्च को होने वाले इस विवाह के लिए छपवाया गया निमंत्रण पत्र पूरी तरह से छत्तीसगढ़ी भाषा में है। इस कार्ड का उद्देश्य न केवल अपनी बोली-भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देना है। बल्कि इसमें जल संरक्षण के लिए विशेष संदेश भी लिखे गए हैं।

चूंकि श्री निषाद स्वयं पंचायत सचिव हैं और जल संरक्षण की दिशा में कार्य करते हैं। उन्होंने अपने पुत्र के वैवाहिक कार्ड पर जल संरक्षण को लेकर आज बचाहु पानी, त कल नई होही परेशानी, बूंद-बूंद ल बचाना हे, छत्तीसगढ़ ल अगाड़ी बढ़ाना हे का मैसेज देकर शादी कार्ड को एक नई पहचान दे दी है। श्री निषाद का कहना है कि शादी का कार्ड केवल न्योता देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का एक जरिया भी बन सकता है। क्षेत्र के लोग इस कार्ड की काफी तारीफ कर रहे हैं और इसे छत्तीसगढ़ी अस्मिता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बेहतरीन कदम बता रहे हैं।

आवश्यकता है
दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/मार्केटिंग कार्य एवं रात्रिकालीन हेल्पर व ड्रायवर हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।
संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

आवश्यकता है
1. कोरल ड्रॉ डिजाइनर
2. फोटोकॉपी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर
पीआर इंटरप्राईजेस
9827188919, 8319360480

हेमन्त साहू 98271-56852 94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

श्री जलाराम मंगल भवन...
गुजराती कॉलोनी, कंचन बाग, राजनांदगांव
• सर्व सुविधायुक्त 16 अटैच कमरे
• 3000 फूट का विशाल बैंक्वेट हॉल,
• ओपन लॉन तथा पोर्च की सुविधा
• पार्किंग की समुचित व्यवस्था
• सभी कमरों में गर्म पानी हेतु गीजर
• भवन में लिफ्ट की सुविधा
शुभ विवाह तथा सभी मांगलिग कार्यो हेतु उपलब्ध...
बुकिंग हेतु संपर्क करें...
मो. 9300414726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com